हरिभूमि रायपुर भूमि



## ट्रैफिक कम करने के लिए सड़कों का विस्तार किया जा रहा

नगर निगम के अधीक्षण अभियंता का कहना है कि शहर के 18 चौराहों पर ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए सड़कों का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में खम्हारडीह थाने के सामने बड़ी आकार की रोटरी का निर्माण कराया जा रहा है, जो कि 20 दिन में बनकर तैयार हो जाएगा। रोटरी का रेडियस और डिजाइन ट्रैफिक इंजीनियरिंग के हिसाब से विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में की जा रही है।

# खम्हारडीह थाने के सामने विशाल रोटरी, अभी से लग रहा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम जोन 3 क्षेत्र के खम्हारडीह थाने के पास यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने रायपुर नगर निगम और ट्रैफिक महकमा मिलकर थाने के सामने विशाल रोटरी का निर्माण करवा रहा है। रोटरी इतनी चौड़ी है कि अभी से गाड़ियों का जाम लगने लगा है। इससे आने वाले दिनों में लोगों को घूमकर ▶▶ शेष पेज 13 पर

### ट्रैफिक स्मूथ होगा

रोटरी का डिजाइन इस हिसाब से बनाया गया है कि गाड़ियां वहां से स्लो मूव कर आसानी से घूमकर जाएं, इससे यातायात सुगम होगा। छोटी रोटरी बनाने पर ट्रैफिक जाम की समस्या रहेगी।

- **इमरान खान**, अधीक्षण अभियंता, नगर निगम रायपुर

### विभाग का ये है कहना

नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और ट्रैफिक विभाग के समन्वय से खम्हारडीह थाने के पास रोटरी का निर्माण कराया जा रहा है। रोटरी बनने से यातायात सुगम होगा।

- **सतीश ठाकुर**, एसीपी ट्रैफिक विभाग

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ की मौत

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र के सड्डू सेक्टर-7 स्थित एलआईजी-11 में सोमवार को एक 55 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिली है। मृतक की पहचान योगेंद्र पाठक के रूप में हुई है। मृतक अपने घर में अकेला रहता था। स्थानीय लोगों ने मोहल्ले में टहलने के दौरान घर से तेज दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, तो वहां देखा कमरे में बेड पर योगेंद्र पाठक का शव चित अवस्था में आधा बेड के ऊपर तथा आधा बेड के नीचे लटक रहा था। पुलिस ने आशंका जताई है कि भीषण गर्मी के कारण योगेंद्र की मौत लू या अत्यधिक गर्मी के कारण हो सकती है। मौत के कारणों का पता पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही चलेगा। लाश तीन से चार दिन पुरानी है।

### कोचिया के कब्जे से 180 पौवा देशी शराब जब्त



**रायपुर।** तिल्दा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शराब कोचिया को शराब बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 180 पौवा देशी शराब जब्त कर शराब बिक्री के नौ सौ रुपए जब्त किए हैं। शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने पूरन लाल वर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूरन को बैकुंठ स्थित जोगी कुंआ के पास शराब बेचते गिरफ्तार किया है।

### गाय से अनाचार बुजुर्ग गिरफ्तार



**रायपुर।** आमनाका थाने की पुलिस ने वीडियो फूटेज के आधार पर पशु क्रूरता एवं अनाचार के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक 70 साल के बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। गाय के साथ अनाचार करने के आरोप में पुलिस ने मूलतः उत्तरप्रदेश महाराजगंज निवासी 70 वर्षीय हमीउद्दीन अली को गिरफ्तार किया है। हमीनुद्दीन के खिलाफ पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को आहत करने का भी अपराध दर्ज किया है।

### तस्कर के खिलाफ पिट एनडीपीएस की कार्रवाई

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के सेंट्रल जोन डीसीपी के निर्देश पर आदतन बदमाश तथा गांजा तस्कर के खिलाफ पिट एनडीपीएस की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने



अब्दुल जाफर के खिलाफ पिट एनडीपीएस की कार्रवाई। पुलिस ने आरोपी के आपराधिक इतिहास, सतत संलिप्तता एवं समाज पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर सक्षम प्राधिकारी को प्रेषित किया। सुनवाई के बाद सक्षम न्यायालय द्वारा डिटेंशन ऑर्डर पारित किया गया।

## कक्षा दसवीं- बीते वर्ष उत्तीर्ण हुए थे 66.24% छात्र, इस बार 71.05% सफल

# 85 में 18 टॉपर रायपुर के, 5% सुधरा जिले का परिणाम, 'सरस्वती पर प्रयास व आत्मा' भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को जारी किए गए परीक्षा परिणाम में 85 छात्रों ने मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। इनमें से 18 विद्यार्थी राजधानी रायपुर के हैं। दसवीं में 10 तो बारहवीं कक्षा में 8 छात्र रायपुर जिले के हैं। ना केवल प्रावीण्य सूची में छात्रों का दबदबा कायम हुआ है बल्कि पिछले सत्र की तुलना में इस बार जिले में उत्तीर्ण छात्रों के प्रतिशत में इजाफा हुआ है। पिछले वर्ष दसवीं कक्षा में जिले के 66.24% छात्र सफल रहे थे। इस बार 71.05% छात्र सफल रहे हैं। दसवीं की तुलना में बारहवीं कक्षा के परिणाम बीते वर्ष अच्छे रहे थे। 79.94% छात्र हायरसेकंडरी में उत्तीर्ण रहे थे। इसमें भी पांच फीसदी की वृद्धि हुई है। इस बार बारहवीं कक्षा में जिले के 84.79% छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। गौरतलब है, बीते कुछ सत्रों में छोटे जिलों यहां तक कम संसाधन वाले दूरस्थ क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में टॉपर निकलते रहे थे। राजधानी से गिनती के ही छात्र प्रावीण्य सूची में जगह बना पा रहे थे। रायपुर में टॉपर्स का सूखा लंबे समय बाद समाप्त हुआ है।

वहीं संस्थावार परिणामों में स्वामी आत्मानंद विद्यालय ने सरस्वती शिशु मंदिर से अधिक टॉपर दिए हैं। दसवीं कक्षा की प्रावीण्य सूची में स्वामी आत्मानंद विद्यालय के 8 छात्रों ने जगह बनाई है। सरस्वती शिशु मंदिर के 2 छात्र भी मेरिट लिस्ट में हैं। प्रयास विद्यालय के 13 विद्यार्थी दसवीं की मेरिट लिस्ट में हैं। बारहवीं कक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर से 4 छात्र हैं,जबकि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय से 14 छात्रों ने जगह बनाई है। निजी विद्यालयों की तुलना में मेरिट में शासकीय विद्यालयों के छात्र अधिक संख्या में हैं।



| विद्यालय | 10वीं | 12वीं |
|---|---|---|
| प्रयास | 13 | 0 |
| स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय | 8 | 14 |
| सरस्वती शिशु मंदिर | 2 | 4 |

### मई में शुरू होंगे द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ऐसे छात्रों को द्वितीय अवसर दिया जाएगा जो पहली परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो सके हैं। द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन मई माह में प्रारंभ हो जाएंगे। ऐसे विद्यार्थी जो प्रथम परीक्षा में उत्तीर्ण हैं लेकिन अपने अंकों से असंतुष्ट हैं, वे भी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। यदि छात्रों के द्वितीय परीक्षा में कम अंक आते हैं तो उनके द्वारा पहली परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही परिणाम तैयार किए जाएंगे। परीक्षा जून के दूसरे पखवाड़े अथवा जुलाई में संभावित है। माशिम द्वारा आवेदन तिथि के साथ ही परीक्षा तिथियों की भी घोषणा की जाएगी।

### स्कूलों के लिए ऑनलाइन परिणाम अपलोड करना अनिवार्य

जिला शिक्षा अधिकारी ने रायपुर के परीक्षा परिणामों पर हरिभूमि से विशेष चर्चा करते हुए कहा, बीते सत्र के परिणामों के आधार पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शुरुआत से ही मिशन उत्कर्ष चलाया गया था। इसके अंतर्गत साप्ताहिक और मासिक स्तर पर छात्रों की परीक्षाएं आयोजित की गईं। सभी स्कूलों के लिए परिणाम ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य किया गया था। ऑनलाइन मॉनिटरिंग के बाद जिन स्कूलों के परिणाम कमजोर रहे, वहां के प्राचार्यों और शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। तिमाही, छमाही के नतीजों के आधार पर आगे की रणनीति तैयार हुई थी। जिले में सत्र 2026-27 में मिशन उत्कर्ष 2.0 संचालित किया जाएगा। इसके लिए अभी से तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

*आज दोपहर 12 बजे जिला शिक्षा कार्यालय घोषित करेगा 5वीं-8वीं के परिणाम*

## 5वीं-8वीं के नतीजे लीक, 24 घंटे पहले ही छात्रों के हाथ में रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- शासकीय के साथ निजी विद्यालयों के लिए भी आयोजित की गई थी केंद्रीकृत परीक्षा

जिला शिक्षा कार्यालय पांचवीं-आठवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा आज दोपहर 12बजे जारी करेगा। इसके पहले बुधवार को ही छात्रों तक दोनों कक्षाओं के परिणाम पहुंच गए हैं। अर्थात छात्रों को परिणामों की विधवत घोषणा के पहले ही अपने नतीजे पता हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पांचवी-आठवीं के नतीजे निर्धारित तिथि के आधार पर 30 अप्रैल को जारी किए जाएंगे। इसके पूर्व विद्यालयों को परिणाम पीडीएफ फॉर्मेट में प्रेषित कर दिए गए थे, ताकि गुरुवार दोपहर विधिवत घोषणा के बाद नतीजों को स्कूल अपने नोटिस बोर्ड में चस्पा कर सकें, लेकिन अधिकतर विद्यालयों ने पीडीएफ फॉर्मेट में प्राप्त परिणामों को एक दिन पहले ही अपने छात्रों और उनके ▶▶ शेष पेज 13 पर



### 12 बजे जारी होंगे परिणाम

जिला शिक्षा कार्यालय 30 अप्रैल दोपहर 12 बजे विधिवत परीक्षा परिणामों की घोषणा करेगा। पांचवी व आठवीं दोनों ही परिणामों की घोषणा गुरुवार को होगी।

- **हिमांशु भारतीय**, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### फेल हुए तब भी अगली कक्षा में दाखिले

30 अप्रैल को जारी किए जाने वाले परीक्षा परिणाम में यदि कोई विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हो जाता है तो उसे मई-जून में एक और परीक्षा दिलाने का मौका दिया जाएगा। यदि छात्र इसमें भी फेल हो जाता है तब भी शिक्षा के अधिकार कानून के अंतर्गत विद्यार्थी को अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। इसके संदर्भ में गाइड-लाइन समय-सारिणी घोषणा के दौरान ही जारी कर दी गई थी।

### सोशल मीडिया पर भी साझा

स्कूलों द्वारा छात्रों को परिणाम प्रेषित किए जाने के बाद पालकों और छात्रों ने भी अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट में परीक्षा परिणाम साझा किए। रिश्तेदार और दोस्त बधाई देते भी दिखे। विद्यालय स्तर से लेकर सोशल साइट्स पर नतीजे साझा होने के बाद अब जिला शिक्षा कार्यालय परिणाम जारी करेगा।

# हाईवे पर दोपहिया के पीछे बैठने वाले सहयात्री को भी लगाना होगा हेलमेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हाईवे पर दोपहिया वाहन चलाने वाले के साथ दोपहिया सवार सहयात्री को भी अब अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनना होगा। इस संबंध में अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने प्रदेश के सभी जिलों के आरटीओ को एक पत्र जारी किया है। अपर परिवहन आयुक्त ने सभी आरटीओ को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि दोपहिया वाहन चलाने वाले ड्राइवर के साथ सहयात्री को अनिवार्य रूप से हेलमेट ▶▶ शेष पेज 13 पर

- बगैर हेलमेट वाहन की डिलीवरी करने वाले शोरूम संचालकों के खिलाफ भी कार्रवाई

### शहरी क्षेत्र की सड़कों पर कार का दबाव बढ़ा

बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ रायपुर के आउटर के साथ शहरी क्षेत्र में पिछले तीन महीने में जो ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है, इससे हलाकान ऐसे दोपहिया वाहन के मालिक जो आर्थिक रूप से सक्षम है, कार से आवाजाही करना शुरू कर दिए हैं। शहर के व्यस्त मार्ग जहां पूर्व में चार पहिया गाड़ियों का दबाव कम होता था, वहां ट्रैफिक का दबाव 20 प्रतिशत तक बढ़ गया है।

### राजधानी की सड़कें अन्य महानगरों की तुलना में संकरी

राजधानी के गौरवपथ, एक्सप्रेस वे को छोड़ शेष अन्य सड़कें इंदौर, भोपाल, भुवनेश्वर की तुलना में संकरी है। इस लिहाज को पुलिस को शहर के प्रमुख मार्गों में ट्रैफिक दबाव कम करने दोपहिया वाहन चालकों को प्रेरित करना चाहिए। शहरी क्षेत्र में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ जिस रफ्तार से चालानी कार्रवाई की जा रही है। इससे दोपहिया वाहन चलाने वाले ऐसे लोग जो सक्षम हैं, आवाजाही करने वाले लोग विकल्प के रूप में कार का चयन कर रहे।

### बगैर हेलमेट कितनी मौतें स्पष्ट जानकारी नहीं

हाईवे हो या शहरी क्षेत्र रोड एक्सीडेंट में मरने वाले दोपहिया वाहन चालकों की आंकड़े संबंधित विभागों के पास है, लेकिन बगैर हेलमेट के कितने दोपहिया वाहन चालकों की मौतें हुई हैं, इसका स्पष्ट आंकड़ा परिवहन के साथ ट्रैफिक पुलिस के पास भी नहीं है। हाईवे के साथ शहरी क्षेत्र में ज्यादातर रोड एक्सीडेंट की घटनाएं ओवर स्पीड, रांग साइड, ड्रंक एंड ड्राइव तथा गलत तरीके से बड़ी गाड़ियों को ओवरटेक करने से होती है।

# निगम की 50 दुकानों का आवंटन होगा निरस्त 3 से 5 साल तक का किराया नहीं दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- 30 अप्रैल तक बकाया किराए भुगतान के लिए संबंधित दुकानदारों को मोहलत



नगर निगम का बाजार विभाग निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर निगम की ऐसी 50 दुकानों का आवंटन निरस्त कर दुकानों की सीलबंदी करने की तैयारी में है, जिन दुकानदारों ने नगर निगम से मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत दुकानों का आवंटन कराया, पर पिछले 3 से 5 साल तक का दुकान किराया भुगतान में कोताही बरत रहे हैं। संबंधित दुकानदारों को शासन के आदेश पर 30 अप्रैल तक बकाया किराया का भुगतान करने की मोहलत दी गई है। यदि फिर भी दुकान का बकाया किराया जमा नहीं कराया, तो नियम अनुसार दुकानों का आवंटन निरस्त कर दुकान की सीलबंदी की जाएगी। दरअसल, शहर के अलग-अलग लोकेशन पर नगर निगम द्वारा बनवाई गई 50 दुकानों का आवंटन निरस्त कराने बाजार विभाग तैयारी में जुट गया है। इनमें से कुछ दुकानें मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत आवंटित हैं, वहीं कुछ दुकानें लाइसेंसी भी हैं। संबंधित दुकानदारों से नगर निगम को 50 लाख रुपए दुकान किराए के रूप में वसूल करना है। बाजार विभाग ने पूर्व में उन्हें डिमांड ▶▶ शेष पेज 13 पर

# लू के थपेड़े जारी, राजधानी से ज्यादा गर्म रहा माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- सर्वाधिक पारा नांदगांव का 44 डिग्री दर्ज

राजधानी समेत प्रदेश में लू के थपेड़ों का दौर जारी है। बुधवार को राजधानी से ज्यादा गर्म माना रहा। वहीं सर्वाधिक तापमान राजनांदगांव में 44 डिग्री दर्ज किया गया। आने वाली नमीयुक्त हवा के असर से गुरुवार को कुछ इलाके में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। तेज गर्मी से जमीन पूरी तरह गर्म हो चुकी है, वहीं हवा के साथ आने वाली नमी वातावरण में चिपचिपाहट लेकर आ रही है। अप्रैल की गर्मी रायपुर में अपना कई साल पुराना रिकार्ड तोड़ चुकी है। इसके बाद आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होने से वातावरण में चिपचिपाहट आ गयी है, जो बेचैनी बढ़ा रही है। बुधवार को भी कुछ इसी तरह की स्थित बनी रही और गर्मी के साथ उमस की मार भी लोगों को झेलनी पड़ी। राज्य में राजनांदगांव ने अधिक तापमान और गर्मी के मामले में अपना दबदबा कायम ▶▶ शेष पेज 13 पर

## कनेक्शन काटने से पहले उन्हें जानकारी तक नहीं दी गई

# एक-दो माह का बिल पेंडिंग देखते ही काटा जा रहा बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भीषण गर्मी के दिनों में भी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा जा रहा है। यही नहीं, कनेक्शन काटने से पहले उपभोक्ता को इसकी सूचना तक नहीं दी जा रही है, जिसके कारण उन घरों में रहने वाले परिवारों को इस भीषण गर्मी में बिना बिजली के दिन और रात गुजारनी पड़ रही है। कई परिवार को बिजली काटे जाने की सूचना तब मिलती है, जब वे विद्युत केंद्र में बिजली बंद होने की सूचना देते हैं। इसकी जानकारी मिलने पर लोग पैसों का जुगाड़ कर भीषण गर्मी में विद्युत केंद्र पहुंचकर बिल का भुगतान कर रहे हैं। ऐसे ही मामले राजधानी रायपुर के पंचशील नगर के सामने आए हैं। यहां दो घरों का विद्युत कर्मियों ने दो महीने का बिल का भुगतान नहीं करने पर उनका कनेक्शन काट दिया।



### गर्मी में परेशानी

प्रदेश में लंबित बिजली बिल के भुगतान की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत बीपीएल, अशासकीय घरेलू एवं अशासकीय कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बकाया राशि में विशेष छूट प्रदान की जा रही है, वहीं दूसरी ओर दो माह का बिल का भुगतान नहीं होने पर विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को सूचना दिए बगैर उनके घर की बिजली काटकर भीषण गर्मी में उन्हे परेशान किया जा रहा है।

### केस 1

पंचशील नगर निवासी गजेंद्र नायक ने बताया कि उसके घर का दो महीने का 1500 रुपए बिल आया है, जिसे वह आर्थिक परेशानी के कारण पटा नहीं पाए। सोमवार को अचानक सुबह उनके घर का विद्युत कनेक्शन विद्युत कर्मी काट कर चले गए। कनेक्शन काटने से भी उसके परिवार के किसी भी सदस्य को सूचना तक नहीं दी गई। बिजली बंद हुए कई घंटे होने के बाद भी जब चालू नहीं हुई, तो उनके द्वारा विद्युत शिकायत केंद्र के नंबर पर कॉल किया, तब इसकी जानकारी उन्हें दी गई। पैसों का जुगाड़ करने में कुछ घंटे लग गए। तब तक इस भीषण गर्मी में उसके पूरे परिवार को घर में गर्मी से परेशान होना पड़ा।

### केस 2

पंचशील नगर निवासी एक युवती ने बताया कि उसके घर का मीटर उसकी मां ललिता के नाम पर है। उसके घर का 1100 बिजली बिल आया है। बिल पटाने की अंतिम तारीख निकल गई है, जिसके कारण विद्युत विभाग वाले घर का कनेक्शन शनिवार को बिना सूचना दिए काटकर चले गए। उसने बताया कि उसके परिवार के प्रमुख सदस्य शादी में बाहर गए हुए थे, वापस आने पर उनके द्वारा बिल का भुगतान किया जाता, लेकिन इससे पहले ही कनेक्शन काट दिया गया। इस कारण से दो दिन तक बिजली के बिना ही अन्य सदस्यों को रहना पड़ा।

## खबर संक्षेप



### विस अध्यक्ष डा. रमन ने किया व्यावहारिक पुस्तक का विमोचन

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने बुधवार को ऑटिज़्म-स्वलीनता से ग्रसित बच्चों के समग्र विकास के लिए एक अत्यंत उपयोगी और व्यावहारिक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक डॉ. सिमी श्रीवास्तव, पुनर्वास मनोवैज्ञानिक एवं विशेष शिक्षक द्वारा लिखी गई है। यह पुस्तक विशेष रूप से इस उद्देश्य से तैयार की गई है कि अभिभावक घर पर उपलब्ध साधारण संसाधनों का उपयोग कर अपने बच्चों के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। पुस्तक में 10 प्रमुख विकासात्मक क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है, प्रत्येक क्षेत्र में लगभग 10 गतिविधियां दी गई हैं। इस प्रकार पुस्तक में कुल 100 से अधिक गतिविधियां शामिल हैं। यह पुस्तक पालक और प्रेक्टिशनर के लिए एक सशक्त मार्गदर्शिका है, जो बच्चों के समग्र विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विमोचन के अवसर पर डा. मनीष, मुकुल श्रीवास्तव, जीनल, भागीरथी देवी, अभिलाष, शिवली एवं रागवी उपस्थित रहे।

### विशेष सत्र में विपक्ष का विरोध करने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लाने का षडयंत्र : सुशील



**रायपुर।** कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी की बहनों को विधानसभा के विशेष सत्र में विपक्ष का विरोध के लिए लाने का षड्यंत्र कर रही है। जिन कर्मचारियों को लाया जाएगा, उनकी सूची भी सामने आई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं संबंधित सरकारी कर्मचारियों की सूची को राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल करने की जानकारी अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि प्राप्त सूची के अनुसार 30 अप्रैल को आयोजित विशेष कार्यक्रम के लिए बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला समूहों एवं विभागीय कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया है।

### मांगों को लेकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर तेलीबांधा स्थित कार्यालय में 30 अप्रैल को सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर संघ के प्रांताध्यक्ष अविनीश कुमार तिवारी ने बताया कि वर्तमान में माह दिसंबर 2025 से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के वेतन से श्रम सम्मान निधी पर रोक लगाई गई है, श्रम सम्मान दिए जाने से बच्चे की पढ़ाई-लिखाई पारिवारिक भरण-पोषण संबंधी आर्थिक एवं मानसिक समस्याओं का सामना हम कर्मचारियों एवं परिवार के सदस्यों को करना पड़ेगा। संघ की मांगों के तत्काल निराकरण नहीं किए जाने की स्थिति में 2 से 4 मई तक काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके लिए प्रबंधन स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# गैर-बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बड़ी राहत, मंडी शुल्क किया माफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार ने राज्य से गैर-बासमती चावल के अंतरराष्ट्रीय निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने चावल निर्यातकों और राइस मिलर्स को मंडी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क से पूरी तरह छूट देने की घोषणा की है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा यह निर्णय छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 के तहत लिया गया है। यह विशेष छूट केवल एक वर्ष की अवधि के लिए ही प्रभावी रहेगी।

### निर्यात को मिलेगा नया प्रोत्साहन

राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के चावल को विदेशी बाजारों में प्रतिस्पर्धी बनाना है। इस छूट का लाभ उन राईस मिलर्स और अनुज्ञप्तिधारी (लाइसेंसधारी) निर्यातकों को मिलेगा जो राज्य की मंडियों के माध्यम से खरीदे गए धान से तैयार गैर-बासमती चावल का निर्यात करेंगे। जानकारों का मानना है कि मंडी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क में दी गई यह 'पूर्णतः छूट' राज्य के कृषि निर्यात क्षेत्र के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है।

**छूट राज्य के कृषि निर्यात क्षेत्र के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है**



### छूट पाने के लिए क्या है शर्तें?

हालांकि सरकार ने यह राहत प्रदान की है, लेकिन इसे प्राप्त करने के लिए निर्यातकों को कड़ी प्रक्रियाओं और दस्तावेजों की जांच से गुजरना होगा। एकल पंजीयन धारी चावल निर्यातकों को संबंधित राईस मिलर्स को एक घोषणा पत्र देना होगा, जिसमें ये दस्तावेज शामिल होने अनिवार्य हैं। एपीडा द्वारा जारी 'रजिस्ट्रेशन-कम-एलोकेशन सर्टिफिकेट'। वह शिपिंग बिल जिसमें कार्गो का मूल स्थान छत्तीसगढ़ दर्ज हो। निर्यात के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का माल एवं सेवा कर पंजीयन। लदान बिल यानी निर्यात की पुष्टि के लिए 'बिल ऑफ लेडिंग'। अनुज्ञा पत्र- मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत राईस मिलर द्वारा जारी किया गया परमिट। पारदर्शिता पर जोरसरकार ने स्पष्ट किया है कि घोषणा पत्र में केवल दस्तावेज ही नहीं, बल्कि निर्यात की जाने वाली उपज का नाम, उसकी मात्रा, कुल कीमत, गंतव्य देश और निर्यातक का आईईसी क्रमांक' भी दर्ज होना चाहिए। संबंधित राईस मिलर्स को यह घोषणा पत्र और दस्तावेज मंडी कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे, तभी वे इस कर छूट का दावा कर सकेंगे।

### मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक

# जनजातीय उत्थान पर बड़ा फोकस : नक्सल मुक्त क्षेत्रों में तेज़ होगा विकास, नियद नेल्लानार 2.0 जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय, महानदी भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक में जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास को लेकर व्यापक चर्चा की गई और अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में "नियद नेल्ला नार योजना" की उल्लेखनीय सफलता पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने इसके अगले चरण के रूप में "नियद नेल्ला नार 2.0" को शीघ्र लागू करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर, जो भौगोलिक रूप से केरल से भी बड़ा क्षेत्र है, दशकों तक विकास से वंचित रहा, लेकिन अब वहां योजनाओं का तीव्र विस्तार हो रहा है और विकास की नई धारा स्थापित हो रही है। जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देवगुड़ी और सरना स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए प्रभावी और कड़े कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि "धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना" के माध्यम से प्रदेश के 6600 गांवों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ की जा रही हैं, जबकि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 32 हजार आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं।



### सीएम ने इस बात पर जताई नाराजगी

अम्बिकापुर नेशनल हाईवे के निर्माण में हो रही धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही बरसात के दौरान कटने वाले मार्गों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

### नियद नेल्ला नार योजना 2.0

बैठक में "नियद नेल्ला नार योजना" की उल्लेखनीय सफलता पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने इसके अगले चरण के रूप में "नियद नेल्ला नार 2.0" को शीघ्र लागू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस उन्नत पहल के माध्यम से सुदूर अंचलों में बिजली, पानी, सड़क और राशन जैसी मूलभूत सुविधाओं का और अधिक विस्तार किया जाएगा। इसके साथ ही "मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर योजना" के तहत 36 लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच का कार्य निरंतर प्रगति पर है।श्री साय ने जनजातीय भूमि के दीर्घकालीन लीज पर दोहन के मामलों की जांच के निर्देश दिए। साथ ही कोरवा और संसारी उरांव जातियों को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल किए जाने के प्रस्ताव को शीघ्र केंद्र सरकार को प्रेषित करने के निर्देश भी दिए।

### मंत्री नेताम ने कही ये बात

आदिम जाति विकास विभाग के मंत्री एवं परिषद के उपाध्यक्ष रामविचार नेताम ने कहा कि बस्तर, सरगुजा सहित प्रदेश के दूरस्थ जनजातीय अंचलों में लंबे समय तक नक्सलवाद विकास की सबसे बड़ी बाधा बना रहा। बीते चार दशकों की इस चुनौती से मुक्ति मिलने के बाद अब इन क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी एवं तेज क्रियान्वयन संभव हो सका है, जिसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि अब जनजातीय समुदाय तेजी से विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है और उन्हें आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। श्री नेताम ने यह भी बताया कि नक्सलवाद के खात्मे के बाद योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हुआ है। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए स्वीकृत योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से संवेदनशील मुद्दों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने पर विशेष बल दिया।

### शामिल हुए मंत्री, विधायक, अफसर

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वनमंत्री केदार कश्यप, बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी, सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय, मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रणव मरपच्ची, विधायक रायमुनी भगत, विधायक चैतराम अटामी, विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, विधायक नीलकंठ टेकाम, विधायक आशाराम नेताम, मुख्य सचिव विकासशील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम सहित विभिन्न विभागों के सचिव एवं परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

# आज आएंगे पायलट, कल विधायकों जिला और ब्लॉक अध्यक्षों की लेंगे बैठक



### जिला अध्यक्षों के कामकाज की समीक्षा

प्रदेश प्रभारी पायलट जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के तीन माह से अधिक होने के बाद उनके अब तक के कामकाज की समीक्षा करेंगे।वहीं जिलों में बूथ कमेटी, ग्राम कमेटियों के गठन की जानकारी लेंगे। कार्यकारिणी गठन के बाद आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। बताया गया है कि जिलों को आने वाले चुनाव को ध्यान में रखते हुए जनहित के मुद्दों को उठाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट 30 अप्रैल की शाम को दो दिवसीय दौरे पर रायपुर आएंगे। अपने प्रवास के दौरान 1 मई को वे तीन बैठक कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में लेंगे। वे कांग्रेस के विधायकों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे। वे जिला और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की भी बैठक लेंगे। उनसे आगामी कार्यक्रमों के बारे में फीडबैक लेंगे। संगठन सृजन अभियान के तहत जिला और ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद कार्यकारिणी और संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करेंगे।

बताया गया है कि प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट 1 मई को सुबह 10.30 बजे विधायकों के साथ बैठक के बाद दोपहर में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की बैठक लेंगे। उसके बाद 2.30 बजे से ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक लेंगे। संगठन सृजन के अभियान के बाद विधायकों से उनके क्षेत्र और वहां की स्थितियों पर मंथन करेंगे। बताया गया है कि संगठन के कार्यक्रमों उनके जुड़ाव और अन्य मामलों को लेकर चर्चा कर संगठन के मजबूती के संबंध में दिशा निर्देश देंगे। बताया गया है कि जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद कई जिलों में विधायकों के साथ समन्वय की स्थिति की भी जानकारी लेंगे। आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपने क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने को लेकर भी चर्चा हो सकती है।

### बूथ प्रबंधन पर रहेगा जोर

*ब्लॉक अध्यक्षों की भी बैठक प्रदेश प्रभारी लेंगे। ब्लॉक कमेटियों को बूथ प्रबंधन के अलावा निचले स्तर पर संगठन को आगे बढ़ाने और मजबूती का प्लान तैयार किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस के द्वारा तय किए गए कार्यक्रमों को नीचे स्तर तक पहुंचाने का कार्य ब्लॉक कमेटियों को दिया जाएगा, ताकि संगठन को मजबूत आधार मिल सके।*

# कांग्रेस का आरोप- बिजली बिल को लेकर गरीब जनता पर अत्याचार और अमीरों को किया जा रहा दरकिनार

**कांग्रेस बिजली दफ्तर सहित उन अधिकारियों के निवास का भी घेराव करेगी : विकास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में बिजली बिल वसूली और तत्काल बिजली लाइन काटने के मामले का मुद्दा उठाते हुये कहा, विष्णु के सुशासन में अब गरीब जनता अत्याचार का शिकार हो रही है, जबकि अमीरों के बकाया बिजली बिल से उन्हें कुछ फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में जिन-जिन घरों के एक महीने का बिजली बिल भुगतान नहीं किया गया है, उन घरों की बिजली लाइन विद्युत विभाग तत्काल काट दे रहा है।

श्री उपाध्याय ने कहा, स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली बिल को बढ़ा दिया गया है और जनता से मोटी रकम वसूली जा रही है। गर्मी में आये दिन राजधानी सहित प्रदेश में बिजली बंद होने की शिकायतें लगातार आ रही हैं। भीषण गर्मी में आज छत्तीसगढ़ में बिजली कटौती एक संकट बन गई है। ट्रिपल इंजन सरकार की नाकामी को दर्शा रही है। कांग्रेस शासन में यह सब देखने को नहीं मिलता था। बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ छत्तीसगढ़ की ढाई करोड़ से भी अधिक जनता को मिला। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना केवल ढकोसला है और सिर्फ विज्ञापनों के लिये ही बनाया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि गरीब, मध्य वर्ग पर अगर दबाव बनाकर उनकी लाइनों को अगर काटने का काम बिजली विभाग के अधिकारी करते हैं, तो ऐसी स्थिति में कांग्रेस बिजली दफ्तर सहित उन अधिकारियों के निवास का भी घेराव करेगी।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष थौरानी ने किया भाजपा प्रवेश



**रायपुर।** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं सिद्धांतों से प्रभावित होकर भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में रायपुर जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने थौरानी को भाजपा का गमछा पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। श्री ठाकुर ने कहा, भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है, जो जन सेवा ही प्रभु सेवा के मूल मंत्र पर कार्य करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश "विकसित भारत" की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और समाज के हर वर्ग का विश्वास भाजपा के प्रति निरंतर बढ़ रहा है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अकबर अली और जिला महामंत्री गुंजन प्रजापति ने सतीश थौरानी का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

प्रथम पुण्यतिथि



स्व. श्री छोटेलाल सिंह

जन्म: 19.03.1947 • स्वर्गवास: 05.05.2025

आपकी मधुर स्मृतियां पथ प्रदर्शक हैं। आपसे मिला स्नेह ही एकमात्र धरोहर है ।।
आपके आदर्श मार्गदर्शक हैं। और आपके आशीर्वचन प्रेरणास्रोत हैं ।।
आपकी मौजूदगी को पहले से ज्यादा महसूस करते हैं। आप सदैव हमारे साथ हैं ।।

हम सब उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

कार्यक्रम- दिनांक 30 अप्रैल 2026, दिन - गुरूवार
पूजा - 10.00 बजे, शांतिभोज - 1.00 बजे
स्थान - हर्षित विला A-6, शुभम विहार, अनमोल सुपर मार्केट, महावीर नगर, रायपुर

शोकाकुल परिवार- पत्नि - सावित्री सिंह
पुत्र-पुत्रवधू - संजुलाल सिंह (सहा संचालक T & C P) - हर्षलता ठाकुर (आयुश विभाग)
पौत्र - हर्षित सिंह एवम् समस्त सिंह एवं ठाकुर परिवार

**सरकार ने बदलाव के पहले बुलाई दावा-आपत्ति**

# अब अपनी पुरानी गाड़ी का नंबर नए वाहन पर लगवा सकेंगे, सरकार ने बदला नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में गाड़ी प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है। राज्य सरकार ने मोटरयान नियमों में संशोधन करते हुए अब 'पंजीयन चिह्न' यानी गाड़ी के नंबर को रिटेन (रिटेंशन) करने या पुरानी पसंद के नंबर को नई गाड़ी पर फिर से इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है।

इस बदलाव के लिए छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम, 1994 में नया नियम 55-घ जोड़ा जाना प्रस्तावित है। यह संशोधन लागू करने के पहले आम जनता से 30 दिनों के भीतर दावा-आपत्ति मंगाई गई है।



### क्या है नया नियम

इस नए संशोधन के बाद, किसी भी वाहन का पंजीकृत स्वामी अपनी पुरानी गाड़ी के नंबर (चाहे वह साधारण हो या फैंसी या चॉइस नंबर) को अपने नए खरीदे गए वाहन पर स्थानांतरित कर सकेगा। इसके अलावा, यदि कोई व्यक्ति दूसरे राज्य से पता बदलकर छत्तीसगढ़ में अपनी गाड़ी लाता है, तो वह भी इस सुविधा का लाभ उठा सकता है।

### केवल एक बार हो सकता है बदलाव

हालांकि, सरकार ने इसमें कुछ शर्तें भी रखी हैं, वाहन स्वामी को प्रत्येक मोटरयान के लिए नंबर रिटेंशन की अनुमति केवल एक बार ही दी जाएगी। यदि वह नंबर 'फैंसी' या 'चॉइस नंबर' की श्रेणी में आता है, तो उसके लिए निर्धारित शुल्क चुकाना होगा। ऐसे नंबर जिनके लिए कोई विशेष शुल्क पहले से तय नहीं है, उनके पुनः उपयोग के लिए 5 हजार का भुगतान करना होगा। आवेदन करने के लिए 200 का अतिरिक्त आवेदन शुल्क भी देना होगा।

### किन गाड़ियों पर लागू नहीं होगी सुविधा

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा सभी परिस्थितियों में उपलब्ध नहीं होगी। इन मामलों में नंबर रिटेंशन की अनुमति नहीं मिलेगी।

# दसवीं बोर्ड की परीक्षा में छात्राओं का दबदबा,तरपोंगी की कल्पना टॉप टेन में तीसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोढ़ी की दो जुड़वा बहनों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता दर्ज कर अपने परिवार और पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। श्रेया वैष्णव ने अपनी कड़ी मेहनत से 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं उनकी जुड़वा बहन सौम्या वैष्णव ने भी अपनी मेधा का परिचय देते हुए 83 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इन दोनों बहनों की सफलता ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा के प्रति समर्पण और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस सफलता के पीछे एक गहरा शैक्षणिक आधार भी जुड़ा है। इन होनहार छात्राओं के दादा हीरादास वैष्णव स्वयं एक सेवानिवृत्त शिक्षक हैं, जिनके अनुभव और शिक्षा के प्रति प्रेम ने घर में शुरू से ही पढ़ाई का माहौल बनाए रखा। श्रेया और सौम्या ने अपनी इस गौरवशाली उपलब्धि का श्रेय अपने दादाजी के आशीर्वाद, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपने माता-पिता, प्रीति वैष्णव व पिता विभोर वैष्णव के निरंतर सहयोग को दिया है। सेवानिवृत्त शिक्षक के रूप में दादाजी के अनुशासन और ज्ञान ने इन जुड़वा बहनों को सदैव सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित किया।एक ही परिवार की दो जुड़वा बेटियों द्वारा स्कूल का नाम रोशन किए जाने पर विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीणों ने भारी हर्ष व्यक्त किया है।

## 10वीं बोर्ड की परीक्षा में गोढ़ी की जुड़वां बहनों ने किया कमाल



### गुजरा की कोनिका व सुष्मिता बनीं टॉपर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा का बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत प्रभावशाली रहा है। विद्यालय ने शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय देते हुए कक्षा दसवीं में 97.66 प्रतिशत और कक्षा बारहवीं में 96.9 प्रतिशत का शानदार परीक्षा परिणाम दर्ज किया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।कक्षा दसवीं की प्रावीण्य सूची में कोनिका साहू ने सर्वाधिक 97.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है, जबकि यशराज देवांगन ने 90.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और प्रियांशु साहू ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं के परिणामों में सुष्मिता मिरी 91 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं, वहीं संजना डहरिया ने 87.8 प्रतिशत के साथ दूसरा और सुरुचि मिरी ने 87.6 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

### बकतरा विद्यालय के सभी छात्रदसवीं बोर्ड में प्रथम श्रेणी पर

आरंग। शासकीय हाई स्कूल बकतरा ने इस वर्ष कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के कुल 32 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था और सभी 32 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर स्कूल का नाम रोशन किया।मेधावी विद्यार्थियों में अनीता टंडन ने 96.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। अन्नपूर्णा यादव 93 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि भावना वर्मा ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं स्वाति कुर्रे ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में अपनी पहचान बनाई। विद्यालय की इस उल्लेखनीय सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



## होटल में काम करते करते रोहित ने दसवीं बोर्ड में रचा इतिहास

आरंग। प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती और न ही उसे सुख-सुविधाओं के घेरे में बांधा जा सकता है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परसदा के छात्र रोहित कुमार भारती ने दसवीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने पूरे अंचल को गौरवान्वित कर दिया है। रोहित ने न केवल 95.33 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि गणित जैसे कठिन विषय में 100 में से 100 अंक हासिल कर अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। इतना ही नहीं, उन्होंने सभी विषयों में 'डिस्टेंशन' (विशेष योग्यता) हासिल कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है।रोहित की यह सफलता इसलिए अविश्वसनीय लगती है क्योंकि उनके जीवन का एक बड़ा हिस्सा अपने पिता के छोटे से होटल में गुजरता है। एक तरफ जहां छात्र परीक्षाओं के समय एकांत और सुविधाओं की तलाश करते हैं, वहीं रोहित अपने पिता के होटल में काम करते हुए, ग्राहकों की सेवा के बीच पढ़ाई के लिए वक्त निकालते थे। दिन भर की भागदौड़ और होटल की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने के बाद, वे आधी रात तक किताबों के साथ संघर्ष करते थे। गणित में उनके पूर्ण अंक इस बात का प्रमाण हैं कि उन्होंने शोर-शराबे के बीच भी अपनी एकाग्रता को कभी भंग नहीं होने दिया।



विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि रोहित शुरू से ही विषयों की बारीकियों को समझने में विश्वास रखते थे, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। रोहित अपनी इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के त्याग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को देते हैं। उनके पिता, जो कड़ी मेहनत कर होटल चलाते हैं, आज अपने बेटे की इस उपलब्धि पर फूले नहीं समा रहे हैं। रोहित की यह कहानी आज हर उस विद्यार्थी के लिए प्रेरणा है, जो कठिन परिस्थितियों में अपने सपनों को सच करने का साहस जुटा रहा है।

## आईएएस अफसर बनना चाहती है मजदूर की बेटी कल्पना

तरपोंगी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरपोंगी कक्षा दसवीं की छात्रा तरपोंगी निवासी कल्पना यादव ने 98.67 प्रतिशत अंक लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप टेन में तीसरा स्थान प्राप्त कर गांव प्रदेश,स्कूल व तिल्दा ब्लाक का नाम रोशन किया है। इसकी खबर मिलते ही क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने घर पहुंच कर शाल, श्रीफल व पेन देकर सम्मान किया व मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। आगे पढ़ाई के लिए हर संभव मदद करने की बात कही। मजदूर की बेटी कल्पना यादव ने इसका श्रेय पिता रामकृपाल यादव माता इंद्रकुवर यादव व शिक्षकों को दी है। आगे सिविल सेवा आईएएस अफसर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। बधाई देने पहुचे शाला के प्राचार्य शिवरतन लाल धीरही कहते हैं सरकारी स्कूल में हमारे यहां सभी शिक्षक बच्चों को बहुत अच्छे से पढ़ाते हैं कल्पना पढ़ने में तेज थी इसलिए हमें विश्वास था कि वह नाम रोशन करेगी आज पूरी संस्था को उस पर गर्व है।

## खबर संक्षेप

### महिला के साथ दुष्कर्म की कोशिश व जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

आरंग। आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमखुंटा में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। एक पड़ोसी ने महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया और विरोध करने पर फावड़े व आरी से जानलेवा हमला कर दिया। आरंग पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी हरीश साहू के अनुसार, आज सुबह करीब 11:30 बजे पीड़िता के बेटे ने अपने पिता को सूचना दी कि पड़ोसी डागेश्वर साहू ने उसकी मां से मारपीट की है। पति के घर पहुंचने पर महिला खून से लथपथ मिली। उसके सिर और गले पर गंभीर चोटें थीं। पीड़िता को तुरंत आरंग के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। होश में आने पर पीड़िता ने बताया कि आरोपी डागेश्वर साहू सीढ़ी वापस करने के बहाने घर में घुसा। घर में अकेली महिला पर उसने शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला। विरोध करने पर आरोपी ने गला दबाकर उसे जमीन पर पटक दिया और कहा, "तुम मेरे साथ संबंध नहीं बना रही हो, आज तुम्हें जान से खत्म कर देता हूं। इसके बाद उसने फावड़े से सिर पर और जेब में रखी आरी ब्लेड से गले पर वार किया। आरोपी महिला को मृत समझकर फरार हो गया। होश आने पर पीड़िता घिसटकर दरवाजे तक पहुंची और शोर मचाकर मदद मांगी। आरंग पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 224/2026, धारा 333, 74, 109 बी एन एस के तहत केस दर्ज किया। घेराबंदी कर फरार होने की फिराक में लगे 40 वर्षीय आरोपी डागेश्वर साहू को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया है।

## निधन

### मुरारी लाल चंद्राकर

आरंग। आरंग निवासी मुरारी लाल चंद्राकर (72 ) का 29 अप्रेल को आकस्मिक निधन हो गया है। वे स्व. खोरबाहरा चंद्राकर के सुपुत्र



एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रुखमणि चंद्राकर के पति थे। समाज के प्रति समर्पित मुरारी लाल ने चंद्राकर समाज के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दीं और अनेक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में उनकी अविस्मरणीय भागीदारी रही। वे रमेश के बड़े भाई एवं नुकेश व शुभम के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार 30 अप्रैल को नगर के मुक्तिधाम (नया तालाब) मे किया जाएगा।

### टिकेश्वर कुमार देवांगन

आरंग। नगर पंचायत समोदा निवासी टिकेश्वर कुमार देवांगन (35 ) का आकस्मिक निधन



बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार महानदी किनारे समोदा मुक्तिधाम में किया गया। वह चुरामन देवांगन का पुत्र था। उनके अंतिम संस्कार में गणेश राम देवांगन, दौलत, हेमकुमार, सोहन देवांगन (शिक्षक), उमेश, भूषण, भरत, राजू (गोपाल), नेकेश, मोहेन्द, दिलीप, कुलेश्वर एवं समोदा नगरवासी अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## नशे के कारोबार में लिप्त कोरोबारी जेल दाखिल




तिल्दा नेवरा। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे "ऑपरेशन निश्चय" के तहत तिल्दा नेवरा पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन और बिक्री पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जोगी कुआं, बैकुंठ क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही तिल्दा नेवरा पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया।तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 180 पाव देशी मदिरा मसाला शराब (कीमत लगभग 18,000) तथा नकद बिक्री रकम 900 जब्त की गई। इस प्रकार कुल जब्ती की कीमत 18,900 आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पूरन लाल वर्मा (उम्र 30 वर्ष), निवासी ग्राम ताराशिव, थाना तिल्दा नेवरा के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई। बाद में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर केन्द्रीय जेल रायपुर भेज दिया गया।

यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर रेंज के निर्देश पर चलाए जा रहे "ऑपरेशन निश्चय" के तहत की गई। तिल्दा थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में टीम लगातार नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई कर रही है।बुधवार को की गई कार्रवाई में निरीक्षक रमाकांत तिवारी,महिला एएसआई अमिला नाग,आरक्षक संदीप सिंह,आरक्षक महेन्द्र वर्मा,महिला आरक्षक प्रज्ञा दादर शर्माविशेष रूप से शामिल रहे । टी आई का कहना है कि क्षेत्र में नशे के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## 32 पौवा शराब जब्त,एक आरोपी गिरफ्तार

आरंग। आरंग थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस को मुखबिर से मोबाइल पर सूचना मिली कि ग्राम रानीसागर चौक के पास एक व्यक्ति सफेद प्लास्टिक थैले में अवैध शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरंग पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को धरदबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान नरेश साहू पिता ईश्वर साहू, उम्र 23 वर्ष, निवासी कोसरंगी थाना खरोरा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक थैले में 32 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब बरामद हुई। प्रत्येक पौवा 180 एमएल का था और उस पर /"सवा शेरा शराब/" लिखा लेबल लगा था। सभी पौवे छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग की सील से सीलबंद थे। जब्त शराब की कुल मात्रा 5.760 बल्क लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3200 रुपये है। आरोपी नरेश साहू अवैध रूप से शराब अपने कब्जे में रखकर बिक्री कर रहा था। पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को 27 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद केंद्रीय जेल रायपुर दाखिल किया गया।



## उल्बा वन क्षेत्र में लगी आग पर मशक्कत से पाया काबू

अभनपुर। ग्राम पंचायत राखी उल्बा के वन क्षेत्र में अचानक आग लगने से इलाके में हडकंप मच गया। आग लगने की इस घटना में जंगल के कई हिस्सों में पौधे झुलस गए, हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़े पेड़ों और व्यापक वन संपदा को भारी नुकसान होने से बचा लिया गया। मिली जानकारी अनुसार जंगल में आग लगने की सूचना सबसे पहले ग्राम के पटवारी द्वारा सरपंच नेहरू लाल साहू को दी गई। सूचना मिलते ही सरपंच ने तत्काल सक्रियता दिखाई और प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क साधा। सरपंच ने अभनपुर एसडीएम एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को घटना की जानकारी देकर तत्काल फायर ब्रिगेड सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया। बताया जा



रहा है कि तेज धूप और हवा के कारण आग तेजी से फैलती गई और देखते ही देखते जंगल के आधे से अधिक हिस्से तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों तथा युवा साथियों के सहयोग से आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। काफी मशक्कत और मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। समाचार लिखने तक आग लगने का कारण स्पष्ट नही हो पाया है।

### खम्हारडीह थाने ...

आना-जाना पड़ेगा। वहीं ट्रैफिम महकमा के विभागीय अफसर और निगम के संबंधित इंजीनियर का कहना है कि सड़क के रेडियस के हिसाब से रोड इंजीनियर ने रोटरी की डिजाइन तैयार की है, देखने में भले ही रोटरी चौड़ी लग रही है, पर इससे गाड़ियां वहां से स्लो मूव करेंगी। छोटी रोटरी बनाने से ट्रैफिक जाम की समस्या आ सकती है। इसीलिए यातायात विभाग और नगर निगम के समन्वित प्रयास से इसे सुगम आवागमन के हिसाब से तैयार किया जा रहा है।

दरअसल, मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना और रायपुर नगर निगम बुनियादी ढांचा प्रोजेक्टस के तहत शहर के 18 प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण और विस्तार किया जा रहा है। इसमें खम्हारडीह थाना चौक शामिल है, ताकि चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव कम हो सके। इसी कड़ी में खम्हारडीह थाने के पास मुख्य मार्ग की सड़क घेरकर विशाल रोटरी बनाई जा रही है। इसकी वजह से अभी से इस रास्ते में गाड़ियों की लंबी लाइन लगने से रोड जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। थाने के सामने मुश्किल से दस फीट का स्पेस ही बचा है ऐसे में वहां से आने-जाने वालों की दिक्कत और बढ़ सकती है।

**एक्सप्रेस वे से आने-जाने का रोड इसी मार्ग से कनेक्ट**

कंपलेक्स का निर्माण किया जा रहा है। इसके बनने से व्यवसायिक परिसर में आने-जाने वालों की गाड़ियां भी सड़क किनारे खड़ी की जाएगी। जबकि रोटरी निर्माण के वजह से सड़क का एक बड़ा हिस्सा इसके दायरे में चला गया है। जिस तरह से यातायात को सुगम बनाने विशाल रोटरी बनाई जा रही है उससे गाड़ियों को वहां से आने-जाने में खासी परेशानी हो सकती है। इस मार्ग का उपयोग बड़ी संख्या में खम्हारडीह, कचना सहित आसपास के रहवासी कालोनियों में रहने वाले लोग करते हैं। वहीं एक तरफ एक्सप्रेस वे से आने-जाने का रोड इसी मार्ग से कनेक्ट है।

पेज 11 के शेष

### 5वीं-8वीं के नतीजे ...

पालकों को भेज दिया। इस तरह एक दिन पहले ही छात्रों के दोनों कक्षाओं के अंक पहुंच गए। गौरतलब है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दोनों कक्षाओं की केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित की गई थी। पिछले वर्ष भी इन कक्षाओं के लिए केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित की गई थी, लेकिन इसमें निजी स्कूलों ने हिस्सा नहीं लिया था। इस वर्ष शासकीय व निजी दोनों ही विद्यालयों के छात्रों ने इस परीक्षा में हिस्सा लिया है। परीक्षाएं मार्च माह में आयोजित की गई थीं।

### हाईवे पर दोपहिया...

पहनने प्रेरित करने प्रचार-प्रसार करें। अपर परिवहन आयुक्त द्वारा जारी आदेश के मुताबिक बगैर हेलमेट के वाहन की डिलीवरी करने वाले शोरूम वालों के खिलाफ भी कार्रवाई का प्रावधान है। अपर परिवहन आयुक्त ने केंद्रीय मोटरयान अधिनियम के प्रावधान का हवाला देते हुए हाईवे पर दोपहिया वाहन चालक के साथ सहयात्री को हेलमेट पहनना अनिवार्य बताया है। अपर परिवहन आयुक्त का आदेश फिलहाल हाईवे के लिए है। अपर परिवहन आयुक्त ने हाईवे पर रोड एक्सीडेंट में मरने वाले दोपहिया वाहन चालक तथा उसमें सवार सहयात्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किया है।

### निगम की 50 ...

नोटिस और अंतिम सूचना भी दी, पर संबंधित दुकानदारों ने अपना बकाया दुकान किराया निगम मुख्यालय के बाजार विभाग में अब तक जमा नहीं कराया है। इनमें आरकेसी के पास स्थित नगर निगम की 6 दुकानें, जीई रोड में विवेकानंद आश्रम के पास मंगल बाजार परिसर की 6 दुकानें, गंज बाजार की 7 दुकानें, खमतराई में 9 दुकानें, संजय नगर में 3 से 5 दुकानें और बकरा मार्केट में नगर निगम द्वारा निर्मित 8 दुकानें शामिल हैं।

### लू के थपेड़े ...

रखा। वहीं रायपुर से थोड़ा ज्यादा पारा माना इलाके का दर्ज किया गया।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश और उसके आसपास मौजूद है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश से नागालैंड तक विस्तारित है। गुरुवार को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

शहरों का तापमान

| | |
|---|---|
| रायपुर | 43.2 |
| माना | 43.5 |
| पेंड्रा | 41.2 |
| जगदलपुर | 38.2 |
| दुर्ग | 42.6 |
| राजनांदगांव | 44.0 |

### एक-दो माह ...

वालों ने बताया कि कनेक्शन काटने से पहले उन्हें जानकारी तक नहीं दी गई, जिसके कारण दो दिन तक उन्हें बिना बिजली के गुजारना पड़ा।

## रिटायर्ड प्राचार्य लखन लाल को दी गई भावभीनी विदाई

आरंग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई में एक भावुक और गरिमामय दृश्य देखने को मिला, जब विद्यालय के प्राचार्य लखन लाल चंद्राकर को उनकी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर शाला परिवार द्वारा भव्य एवं भावभीनी विदाई दी गई। विदाई की बेला में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए प्राचार्य चंद्राकर अपने आंसुओं को रोक न सके। उन्होंने अत्यंत भावुक होकर कहा, विद्यालय कर्मभूमि तो है, पर एक परिवार भी है तथा शैक्षिक जीवन के गुजरे दिन वे कभी नहीं भुला पाएंगे और रिटायरमेंट के बाद भी वे शिक्षा का दीप जलाते रहेंगे। शाला परिवार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्राचार्य के कुशल नेतृत्व और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा उन्हें श्रीफल, शाल और प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक जितेन्द्र शुक्ला, वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रूलाल साहू, व्याख्यातागण अंजना मसीह, चंपा साहू, त्रिवेणी बारगे, गोविंद गुप्ता, भोला सोनी, प्रधान पाठक सुश्री डार्थी तांडी, तृप्ति शर्मा, पुष्पलता चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, बसंती सोनकर, चूमेश्वरी साहू, लेखनी निषाद आदि की उपस्थिति रही।

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर, सेक्टर-29 में आबंटित स्वतंत्र भवन क्रमांक-एच.आई.जी.-11/817 को श्री पदुमन लाल पाटनवार पिता श्री दयाराम पाटनवार एवं श्री अभिषेक पाटनवार पिता श्री पदुमन लाल पाटनवार पताः- एच.आई.जी.-11/817, सेक्टर-29, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.) के नाम पर नामांतरण (विक्रय विलेख) किया गया है। भवन का उप पंजीयन कार्यालय से दिनांक 18.05.2023 को विक्रय (रजिस्ट्री) निष्पादित करा लिया गया है। श्री पदुमन लाल पाटनवार पिता श्री दयाराम पाटनवार की मृत्यु दिनांक 11.11.2025 को हो गया है। श्री अभिषेक पाटनवार पिता स्व.श्री पदुमन लाल पाटनवार ने अपने पिता श्री पदुमन लाल पाटनवार की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर यथावत रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन को श्री अभिषेक पाटनवार पिता स्व.श्री पदुमन लाल पाटनवार के नाम पर यथावत रखने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

### आम सूचना

एतद द्वारा आमजनों को सूचित किया जाता है कि Flat no. B-402, Block-b, Golden Sands, Shankar Nagar, Raipur (C.G.) के विक्रय हेतु M/s Nexus Devcon Pvt. Ltd. द्वारा डायरेक्टर श्री तरुण मारवाह, कार्यालय - B-38, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर (छ.ग.) (बिल्डर) एवं क्रेता- श्री विनय मिश्रा, पिता जगदीश नारायण मिश्रा, निवासी म.नं. 89, फेस-4, कबीर नगर, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.) के मध्य निष्पादित विक्रय इकरारनामा दिनांक 02/07/2019 का अनुपालन एवं विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि का भुगतान नहीं होने के कारण उसे दिनांक 24/10/2024 को निरस्त कर दिया गया है। बिल्डर एवं क्रेता के मध्य उक्त विक्रय इकरारनामा समाप्त कर दिया गया है, तथा उभयपक्षों के मध्य किसी भी प्रकार का लेन-देन शेष नहीं है। क्रेता अपने ऋण, देनदारियों, खर्चे एवं क्षति के लिए स्वयं उत्तरदायी है।

उक्त फ्लैट-संपत्ति का स्वामित्व एवं आधिपत्य केवल बिल्डर का है जिसे वह अपनी आवश्यकतानुसार उपयोग-उपभोग, विक्रय-सौदा, भोग-बंधक, दान-वसीयत आदि कर सकता है। आम जनों से आग्रह है कि उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में क्रेता से किसी भी प्रकार का संव्यवहार या लेनदेन इत्यादि ना करें। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, बैंक या निकाय इत्यादि को दावा-आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में दिए गए कार्यालय पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज दर्ज करावें अन्यथा निर्धारित अवधि उपरांत उक्त संपत्ति के संबंध में प्राप्त दावा-आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

तदनुसार सर्वसाधारण को सूचनार्थ।
स्थान - रायपुर
दिनांक 20/03/2026

सौरभ चौधरी (अधिवक्ता)
कार्यालय-डी 4 & 5 4th फ्लोर, कोरम काम्पलेक्स (SIS) VIP चौक, तेलीबांधा रायपुर छत्तीसगढ़

### आम सूचना

एतद द्वारा आमजनों को सूचित किया जाता है कि Flat no. B-401, Block-b, Golden Sands, Shankar Nagar, Raipur (C.G.) के विक्रय हेतु M/s Nexus Devcon Pvt. Ltd. द्वारा डायरेक्टर श्री तरुण मारवाह, कार्यालय - B-38, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर (छ.ग.) (बिल्डर) एवं क्रेता- श्री उमेश कुमार पाण्डेय, पिता त्रिवेणीपाल पाण्डेय, निवासी -ई. डब्लू.एस. 06, ग्राम-कुम्हारी, पानी टंकी के पास, धमधा दुर्ग (छ.ग.) के मध्य निष्पादित विक्रय इकरारनामा दिनांक 02/07/2019 का अनुपालन एवं विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि का भुगतान नहीं होने के कारण उसे दिनांक 24/10/2024 को निरस्त कर दिया गया है। बिल्डर एवं क्रेता के मध्य उक्त विक्रय इकरारनामा समाप्त कर दिया गया है, तथा उभयपक्षों के मध्य किसी भी प्रकार का लेन-देन शेष नहीं है। क्रेता अपने ऋण, देनदारियों, खर्चे एवं क्षति के लिए स्वयं उत्तरदायी है।

उक्त फ्लैट-संपत्ति का स्वामित्व एवं आधिपत्य केवल बिल्डर का है जिसे वह अपनी आवश्यकतानुसार उपयोग-उपभोग, विक्रय-सौदा, भोग-बंधक, दान-वसीयत आदि कर सकता है। आम जनों से आग्रह है कि उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में क्रेता से किसी भी प्रकार का संव्यवहार या लेनदेन इत्यादि ना करें। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, बैंक या निकाय इत्यादि को दावा-आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में दिए गए कार्यालय पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज दर्ज करावें अन्यथा निर्धारित अवधि उपरांत उक्त संपत्ति के संबंध में प्राप्त दावा-आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

तदनुसार सर्वसाधारण को सूचनार्थ।
स्थान - रायपुर
दिनांक 20/03/2026

सौरभ चौधरी (अधिवक्ता)
कार्यालय-डी 4 & 5 4th फ्लोर, कोरम काम्पलेक्स (SIS) VIP चौक, तेलीबांधा रायपुर छत्तीसगढ़

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

### :: आम सूचना ::

दिनांक 27.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजीत कुमार ढीढी पिता स्व. खोरबाहरा ढीढी द्वारा आवेदित ग्राम धनसुली प.ह.नं. 75 राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 623/1 रकबा 0.202 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के ज्ञा./रा.प्र.क्र. ....रायपुर के आदेश दिनांक 23/04/2026 के परिपालन में दिनांक **07/05/2026** को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 75 के तुलसी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जाने ।

राजस्व निरीक्षक
सेरीखेड़ी







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जनगणना निदेशक कार्तिकेय गोयल से की मुलाकात

**रायपुर।** आगामी राष्ट्रीय जनगणना 2026-27 के संदर्भ में छत्तीसगढ़ी भाषा के अस्तित्व और पहचान को लेकर छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा एवं सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने छत्तीसगढ़ के जनगणना निदेशक, आईएएस कार्तिकेय गोयल से सौजन्य मुलाकात की। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य जनगणना के द्वितीय चरण में जनों की गणना किए जाते समय ऑनलाइन पोर्टल और रख-गणना के लिए बनाए गए ड्रॉप-डाउन मेनू में छत्तीसगढ़ी भाषा को मातृभाषा के रूप में समुचित स्थान और विकल्प उपलब्ध कराने की मांग करना था। इस मौके पर आयोग के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने जनगणना प्रगणकों के पास उपलब्ध मैनुअल और डिजिटल दोनों ही माध्यमों में भाषा संबंधी जुटाई जा रही जानकारी में मातृभाषा के कॉलम में छत्तीसगढ़ी के विकल्प के लिए आग्रह किया। चर्चा के दौरान जनगणना निदेशक कार्तिकेय गोयल ने विषयों को गंभीरता से सुना और तकनीकी पहलुओं की जांच कर उचित समाधान का आश्वासन दिया।

### मां विंध्यवासिनी जन्मोत्सव आज होगा भंडारा कार्यक्रम

**रायपुर।** विंध्याचल धाम पीयूष नगर, न्यू कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर में 30 अप्रैल को श्रीश्री 1008 श्रीश्री हरि प्रिया मां विंध्यवासिनी के जन्मोत्सव के अवसर पर महाप्रसादी भण्डारा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक जारी रहेगा।

### निधन

**संतोष जैन**



**रायपुर।** गणेशराम नगर निवासी संतोष जैन का 29 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. बालेश्वर प्रसाद जैन की पत्नी और सरिता जैन की माता थीं।

# एयरपोर्ट पर निजी हास्पिटल को यात्रियों के सेहत की जिम्मेदारी, लेट ना हो जाए मेडिकल इमरजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों सहित अन्य की चिकित्सकीय सुविधा की जिम्मेदारी निजी हास्पिटल को दी गई है। डाक्टर सहित चिकित्सकीय स्टाफ की कमी और बदले ठिकाने की वजह से आपात स्थिति में मिलने वाले इलाज में विलंब हो सकता है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने सालभर पहले यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली चिकित्सकीय सुविधा को लेने से इनकार कर दिया था। सूत्रों के अनुसार एयरलाइंस कंपनियां टिकट बुक करने के दौरान यात्रियों से मेडिकल सुविधा के नाम पर करीब एक हजार रुपए शुल्क लेती हैं। यात्रा शुरू करने से लेकर खत्म होने तक किसी तरह की आपात स्थिति होन पर उन्हें ट्रीटमेंट की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

इसके लिए विभिन्न विमानतलों में चिकित्सकीय स्टाफ की तैनाती भी की जाती है। रायपुर के विमानतल पर मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा अधिकारी के साथ आधा दर्जन स्टाफ तैनात किया जाता था। एरावइल गेट पर चिकित्सकीय स्टाफ की मौजूदगी विमानतल शुरू होने से लेकर बंद होने तक रहती थी। सालभर पहले प्रबंधन ने सरकारी सुविधा लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद राजधानी के एक निजी हास्पिटल को इसकी जिम्मेदारी दी गई।

- सरकारी चिकित्सा सुविधा सालभर पहले बंद, चिकित्सकीय स्टाफ का ठिकाना भी बदल चुका
- मेडिकल स्टॉफ की संख्या भी हुई कम, जरूरत होने पर केवल प्रारंभिक चिकित्सा की सुविधा

### उठ चुका है मुद्दा

सूत्रों का कहना है कि चिकित्सकीय स्टाफ की तैनाती का मामला पिछले दिनों विमानतल पर हुई बैठक में उठ चुका है। शामिल प्रतिनिधियों ने निजी के साथ शासकीय चिकित्सकीय स्टाफ को भी यहां स्थान देने की आवश्यकता जताई। सूत्रों का कहना है कि विमानतल से जुड़े कुछ अधिकारी भी इसके पक्ष में हैं, मगर कतिपय विरोध की वजह से इस पर बात नहीं बन पा रही है। स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों की मौजूदगी के दौरान फर्स्ट रेफरल सेंटर सिविल हास्पिटल माना होता था, मगर अब निजी हास्पिटल की व्यवस्था के बाद रेफर हायर सेंटर शहर के दूसरे कोने में स्थित हास्पिटल बन चुका है।



### प्रारंभिक चिकित्सा की सुविधा

*इस बारे में एयरपोर्ट प्रबंधन से जुड़े प्रतिनिधियों का कहना है कि यहां केवल प्रारंभिक चिकित्सा के लिए मेडिकल जांच कक्ष है जिसकी जिम्मेदारी एक निजी हॉस्पिटल को दी गई है। उनके डॉक्टर यहां प्रचालन समय पर उपस्थित रहते हैं।*

### हो चुकी है घटना

मेडिकल इमरजेंसी होने के दौरान एक महिला को एयर लिफ्ट कराने के दौरान तबीयत बिगड़ने पर वापस रायपुर में लैंड कराया गया था। यहां प्राथमिक चिकित्सा के बजाए उसे सीधे दूसरे निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। इस मृत्यु के मामले में काफी बवाल हुआ था, इसी तरह कुछ समय पहले यात्रा के दौरान तबीयत बिगड़ने पर एक मरीज को रायपुर में उतारा गया था, जहां प्राथमिक उपचार के पहले ही उसकी मृत्यु हो गई थी। इन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए भी यहां चिकित्सकीय दखल बढ़ाने की डिमांड की जा रही है।

## रहवासियों ने थाने का घेराव किया तब असम पुलिस को मजबूरी में एफआईआर दर्ज करनी पड़ी

# रायपुर पुलिस पर लगे वसूली के आरोप, असम पुलिस ने नोटिस देकर टीआई सहित चार को छोड़ा

- ठगी की रिकवरी रकम को ब्लैकमेलिंग बताकर दर्ज कराई थी एफआईआर
- जिम्मेदार अफसरों को बगैर सूचना दिए असम जाने की बात सामने आ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के आरोपी को असम पकड़ने गई रायपुर पुलिस ने कई गंभीर लापरवाही की, जिसके कारण रायपुर पुलिस को मुसीबतों का सामना करना पड़ा। वहां के रहवासियों के दबाव पर रायपुर पुलिस के खिलाफ ब्लैकमेलिंग करने एफआईआर तक दर्ज करनी पड़ी। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के जिम्मेदार अफसरों की दखलंदाजी के बाद असम पुलिस ने रायपुर पुलिस को नोटिस देकर छोड़ा। दरअसल पूरा मामला इस प्रकार है, आरटीओ एजेंट को डिजिटल अरेस्ट करने की घटना की जांच करने पर एक जालसाज का लोकेशन बिहार ट्रेस हुआ। जालसाज का लोकेशन ट्रेस होने के बाद टीआई रविंद्र यादव, एक एएसआई, हेड कांस्टेबल तथा एक सिपाही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बिहार रवाना हुए। बिहार से गिरफ्तार आरेपी ने पूछताछ में बताया कि डिजिटल अरेस्ट मामले में असम के जालसाज भी शामिल हैं। इसके बाद पुलिस अन्य जालसाजों को गिरफ्तार करने असम रवाना हुई।




### साढ़े चार लाख रिकवरी करना था

जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक रायपुर पुलिस को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वालों से साढ़े चार लाख रुपए रिकवरी करना था, लेकिन ढाई लाख रुपए ही रिकवर कर पाई। बताया जा रहा है, असम से जिस व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, पुलिस ने उनके दो अन्य साथियों के कब्जे से ढाई लाख रुपए की जब्ती की थी।

### दो को छोड़ने के बाद बिगड़ा मामला

रायपुर पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने के मामले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में तीन असम के थे। पुलिस ने असम में जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया था, उनमें से दो को पूछताछ के बाद पुलिस ने छोड़ दिया। इसके बाद चौथे व्यक्ति को पुलिस गिरफ्तार कर बगैर कोर्ट में पेश किए रायपुर लाने लगी। इस पर गिरफ्तार आरोपी के परिजनों ने हंगामा करते हुए स्थानीय लोगों को अपने साथ जोड़ लिया और थाना पहुंच कर यहां की पुलिस के खिलाफ ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए थाने का घेराव कर दिया और असम पुलिस पर दबाव बनाकर एफआईआर दर्ज कराई।

### जिम्मेदार को बगैर जानकारी दिए गिरफ्तारी करने गए

सूत्रों के मुताबिक रविंद्र यादव तथा उनकी टीम ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने के आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए जाने निचले स्तर के अधिकारियों को ही जानकारी दी थी। अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को आरोपियों को गिरफ्तार करने जाने किसी तरह की जानकारी नहीं दी। इसके कारण रायपुर पुलिस को असम में मदद पहुंचाने में देर होने की बात सामने आई है।

### नियमों की अनदेखी करने पर मुसीबत में फंसे

ठगी के आरोपियों को गिरफ्तार करने बिहार तथा असम पहुंची पुलिस ने बड़ी लापरवाही बरतते हुए असम पुलिस को आरोपियों को गिरफ्तार करने आने की जानकारी नहीं दी। जालसाजों को गिरफ्तार करने के बाद रायपुर पुलिस को उन्हें स्थानीय कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड हासिल करना था। रायपुर पुलिस ने इसका पालन नहीं किया।

### नए कानून में जब्ती का वीडियो बनाना अनिवार्य

नए बीएनएस कानून के तहत किसी भी प्रकरण में किसी प्रकार की जब्ती की जाती है, उसका अनिवार्य रूप से मोबाइल या वीडियो कैमरा से वीडियो बनाना है। पुलिस पर जो ब्लैकमेल कर ढाई लाख रुपए लेने के आरोप लगे हैं, स्थानीय पुलिस के असम से लौटने पर ही पुलिस पर लगे आरोप की सच्चाई का पता लगेगा।

# इनपुट टैक्स क्रेडिट चोरी करने के आरोप में शातिर रोहन पुनः गिरफ्तार

- एक कंस्ट्रक्शन फर्म में 27.80 करोड़ रुपए का आईटीसी फर्जीवाड़ा किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वस्तु एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) की टीम ने फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के एक बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। आईटीसी फर्जीवाड़ा कर टैक्स चोरी करने के आरोप में डीजीजीआई ने एक शातिर को गिरफ्तार किया है। शातिर ने मेसर्स सृष्टि कंस्ट्रक्शन नामक फर्म के जरिए बिना किसी वास्तविक माल की आपूर्ति के केवल कागजों पर फर्जी बिल जारी कर 27.80 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की है। डीजीजीआई ने पूर्व में सिंडिकेट से जुड़े चंदन गुप्ता को गिरफ्तार किया था, जो वर्तमान में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। इनपुट टैक्स क्रेडिट में फर्जीवाड़ा कर टैक्स चोरी करने के आरोप में डीजीजीआई ने रोहन तन्ना को गिरफ्तार किया है। डीजीजीआई द्वारा जारी बयान के अनुसार आईटीसी में फर्जीवाड़ा कर टैक्स चोरी करने बने गिरोह का रोहित मास्टर माइंड है। रोहित पूर्व में वर्ष 2021 में सात करोड़ रुपए जीएसटी चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है।

### सख्त कानूनी कार्रवाई की तैयारी

यह पूरा कृत्य सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 16 का स्पष्ट उल्लंघन है। चूंकि फर्जीवाड़ा करोड़ों में है, इसलिए धारा 132 के तहत इसे संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में रखा गया है। डीजीजीआई के अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है और इस सिंडिकेट से जुड़ी अन्य फर्मों और व्यक्तियों की भूमिका की भी सघनता से पड़ताल की जा रही है।

# शादी करने का झांसा देकर रेप, वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में किया अपलोड

**रायपुर।** शादी का झांसा देकर युवती से रेप तथा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया से युवती के परिजनों को पोस्ट करने के आरोपी को मौदहापारा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की मदद करने के आरोप में पुलिस ने होटल मैनेजर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवती के शिकायत दर्ज कराने के 24 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। युवती से रेप करने के आरोप में पुलिस ने टोनी ध्रुव उर्फ मुन्नू तथा उसके साथी होटल मैनेजर नितेश कुमार खुंटे को गिरफ्तार किया है। युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि टोनी ने उससे शादी करने का झांसा देकर अपने प्रेम जाल में फंसाया। इसके बाद उसने अपने परिचित के होटल मैनेजर से बगैर किसी वैध दस्तावेज के होटल में रूम बुक कर उसके साथ रेप किया।



टोनी के कहने पर नितेश ने उन दोनों का मोबाइल से अश्लील वीडियो बनाया। इसके बाद टोनी ने वह वीडियो युवती के परिजनों को पोस्ट कर शादी करने से इनकार कर दिया। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सभी होटल, लॉज एवं गेस्ट हाउस संचालकों को सख्त निर्देश जारी करते हुए आगंतुक का अनिवार्य रूप से आईडी प्रूफ लेने के बाद रूम आबंटित करने निर्देश जारी किया है।

# एंजेल्स स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण



**रायपुर।** एंजेल्स स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का सीजी बोर्ड परीक्षा में परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विवेकानंद नगर स्थित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की छात्रा यज्ञांशी साहू ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वीं के छात्र मनप्रीत साहू ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की। इसी क्रम में कक्षा 10वीं की छात्रा योगिता साहू ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, संस्थान लगातार विद्यार्थियों के शैक्षणिक और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# पेपर लीक के फरार आरोपी की जानकारी देने पर पांच हजार रु. इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- इनाम की घोषणा रायपुर सेंट्रल जोन के डीसीपी ने की

कोतवाली थाना में 14 मार्च को दर्ज 12वीं का हिंदी पेपर लीक प्रकरण के मुख्य आरोपी का पता बताने वाले के लिए रायपुर सेंट्रल के डीसीपी उमेश गुप्ता ने पांच हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। अपराध दर्ज होने के डेढ़ माह बाद भी आरोपी के गिरफ्तार नहीं होने पर नाराज एनसयूआई के कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय का घेराव किया। पुलिस कमिश्नर ने मूलतः बेमेतरा निवासी वेणु जंघेल (18) का पता बताने वाले को पांच हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। वेणु वर्तमान में रायपुर के अशोक नगर गुढ़ियारी में निवास कर रहा था। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ परीक्षा अधिनियम की धारा 4, 5, 10 और बीएनएस की धारा 316 के तहत अपराध दर्ज है। यह मामला 14 मार्च 2026 को सामने आई परीक्षा अनियमितता और पेपर लीक केस से जुड़ा है। सेंट्रल जोन के डीसीपी ने रायपुर पुलिस रेग्युलेशन के पैरा 80-ए के तहत इनाम घोषित करने का आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपा हुआ है और उसका खुलेआम घूमने से समाज के लिए खतरा हो सकता है। एनएसयूआई ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

## जगन्नाथ भगवान की जल यात्रा 3 मई को

**रायपुर।** भगवान जगन्नाथ का भव्य जल विहार, जिसे अक्सर 'चंदन यात्रा' या स्नान पूर्णिमा के बाद की लीलाओं के रूप में जाना जाता है। इसी कड़ी में 3 मई को कुशालपुर स्थित खो-खो तालाब में महाप्रभु जगन्नाथ जी का शाम 5 बजे से 6 बजे तक नौका विहार करेंगे। इसके बाद शाम 6 बजे महाआरती होगी। यह जानकारी छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने देते हुए बताया कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी को 108 कलशों के पवित्र जल से स्नान कराया जाता है और फिर वे सरोवर में नौका विहार करते हैं।

पेज 11 का शेष

### खम्हारडीह थाने के सामने...

आना-जाना पड़ेगा। वहीं ट्रैफिम महकमा के विभागीय अफसर और निगम के संबंधित इंजीनियर का कहना है कि सड़क के रेडियस के हिसाब से रोड इंजीनियर ने रोटरी की डिजाइन तैयार की है, देखने में भले ही रोटरी चौड़ी लग रही है, पर इससे गाड़ियां वहां से स्लो मूव करेंगी। छोटी रोटरी बनाने से ट्रैफिक जाम की समस्या आ सकती है। इसीलिए यातायात विभाग और नगर निगम के समन्वित प्रयास से इसे सुगम आवागमन के हिसाब से तैयार किया जा रहा है।

दरअसल, मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना और रायपुर नगर निगम बुनियादी ढांचा प्रोजेक्टस के तहत शहर के 18 प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण और विस्तार किया जा रहा है। इसमें खम्हारडीह थाना चौक शामिल है, ताकि चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव कम हो सके। इसी कड़ी में खम्हारडीह थाने के पास मुख्य मार्ग की सड़क घेरकर विशाल रोटरी बनाई जा रही है। इसकी वजह से अभी से इस रास्ते में गाड़ियों की लंबी लाइन लगने से रोड जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। थाने के सामने मुश्किल से दस फीट का स्पेस ही बचा है ऐसे में वहां से आने-जाने वालों की दिक्कत और बढ़ सकती है।

**एक्सप्रेस वे से आने-जाने का रोड इसी मार्ग से कनेक्ट:** कंपलेक्स का निर्माण किया जा रहा है। इसके बनने से व्यवसायिक परिसर में आने-जाने वालों की गाड़ियां भी सड़क किनारे खड़ी की जाएगी। जबकि रोटरी निर्माण के वजह से सड़क का एक बड़ा हिस्सा इसके दायरे में चला गया है। जिस तरह से यातायात को सुगम बनाने विशाल रोटरी बनाई जा रही है उससे गाड़ियों को वहां से आने-जाने में खासी परेशानी हो सकती है। इस मार्ग का उपयोग बड़ी संख्या में खम्हारडीह, कचना सहित आसपास के रहवासी कालोनियों में रहने वाले लोग करते हैं। वहीं एक तरफ एक्सप्रेस वे से आने-जाने का रोड इसी मार्ग से कनेक्ट है।

### 5वीं-8वीं के नतीजे लीक, 24 घंटे...

पालकों को भेज दिया। इस तरह एक दिन पहले ही छात्रों के दोनों कक्षाओं के अंक पहुंच गए। गौरतलब है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दोनों कक्षाओं की केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित की गई थी। पिछले वर्ष भी इन कक्षाओं के लिए केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित की गई थी, लेकिन इसमें निजी स्कूलों ने हिस्सा नहीं लिया था। इस वर्ष शासकीय व निजी दोनों ही विद्यालयों के छात्रों ने इस परीक्षा में हिस्सा लिया है। परीक्षाएं मार्च माह में आयोजित की गई थीं।

### हाईवे पर दोपहिया के पीछे बैठने...

पहनने प्रेरित करने प्रचार-प्रसार करें। अपर परिवहन आयुक्त द्वारा जारी आदेश के मुताबिक बगैर हेलमेट के वाहन की डिलीवरी करने वाले शोरूम वालों के खिलाफ भी कार्रवाई का प्रावधान है। अपर परिवहन आयुक्त ने केंद्रीय मोटरयान अधिनियम के प्रावधान का हवाला देते हुए हाईवे पर दोपहिया वाहन चालक के साथ सहयात्री को हेलमेट पहनना अनिवार्य बताया है। अपर परिवहन आयुक्त का आदेश फिलहाल हाईवे के लिए है। अपर परिवहन आयुक्त ने हाईवे पर रोड एक्सीडेंट में मरने वाले दोपहिया वाहन चालक तथा उसमें सवार सहयात्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किया है।

### निगम की 50 दुकानों का आवंटन...

नोटिस और अंतिम सूचना भी दी, पर संबंधित दुकानदारों ने अपना बकाया दुकान किराया निगम मुख्यालय के बाजार विभाग में अब तक जमा नहीं कराया है। इनमें आरकेसी के पास स्थित नगर निगम की 6 दुकानें, जीई रोड में विवेकानंद आश्रम के पास मंगल बाजार परिसर की 6 दुकानें, गंज बाजार की 7 दुकानें, खमतराई में 9 दुकानें, संजय नगर में 3 से 5 दुकानें और बकरा मार्केट में नगर निगम द्वारा निर्मित 8 दुकानें शामिल हैं।

### लू के थपेड़े जारी, राजधानी से...

रखा। वहीं रायपुर से थोड़ा ज्यादा पारा माना इलाके का दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश और उसके आसपास मौजूद है।

एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश से नागालैंड तक विस्तारित है। गुरुवार को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

**शहरों का तापमान**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 43.2 |
| माना | 43.5 |
| बिलासपुर | 42.6 |
| पेंड्रा | 41.2 |
| अंबिकापुर | 41.2 |
| जगदलपुर | 38.2 |
| दुर्ग | 42.6 |
| राजनांदगांव | 44.0 |

**एक-दो माह का बिल पेंडिंग देखते:** वालों ने बताया कि कनेक्शन काटने से पहले उन्हें जानकारी तक नहीं दी गई, जिसके कारण दो दिन तक उन्हें बिना बिजली के गुजारना पड़ा।

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर, सेक्टर-29 में आबंटित स्वतंत्र भवन क्रमांक-एच.आई.जी.-11/817 को श्री पदुमन लाल पाटनवार पिता श्री दयाराम पाटनवार एवं श्री अभिषेक पाटनवार पिता श्री पदुमन लाल पाटनवार पताः- एच.आई.जी.-11/817, सेक्टर-29, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.) के नाम पर नामांतरण (विक्रय विलेख) किया गया है। भवन का उप पंजीयन कार्यालय से दिनांक 18.05.2023 को विक्रय (रजिस्ट्री) निष्पादित करा लिया गया है। श्री पदुमन लाल पाटनवार पिता श्री दयाराम पाटनवार की मृत्यु दिनांक 11.11.2025 को हो गया है। श्री अभिषेक पाटनवार पिता स्व.श्री पदुमन लाल पाटनवार ने अपने पिता श्री पदुमन लाल पाटनवार की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर यथावत रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन को श्री अभिषेक पाटनवार पिता स्व.श्री पदुमन लाल पाटनवार के नाम पर यथावत रखने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### आम सूचना

एतद द्वारा आमजनों को सूचित किया जाता है कि Flat no. B-402, Block-b, Golden Sands, Shankar Nagar, Raipur (C.G.) के विक्रय हेतु M/s Nexus Devcon Pvt. Ltd. द्वारा डायरेक्टर श्री तरुण मारवाह, कार्यालय - B-38, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर (छ.ग.) (बिल्डर) एवं क्रेता- श्री विनय मिश्रा, पिता जगदीश नारायण मिश्रा, निवासी म.नं. 89, फेस-4, कबीर नगर, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.) के मध्य निष्पादित विक्रय इकरारनामा दिनांक 02/07/2019 का अनुपालन एवं विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि का भुगतान नहीं होने के कारण उसे दिनांक 24/10/2024 को निरस्त कर दिया गया है। बिल्डर एवं क्रेता के मध्य उक्त विक्रय इकरारनामा समाप्त कर दिया गया है, तथा उभयपक्षों के मध्य किसी भी प्रकार का लेन-देन शेष नहीं है। क्रेता अपने ऋण, देनदारियों, खर्चें एवं क्षति के लिए स्वयं उत्तरदायी है।

उक्त फ्लैट-संपत्ति का स्वामित्व एवं आधिपत्य केवल बिल्डर का है जिसे वह अपनी आवश्यकतानुसार उपयोग-उपभोग, विक्रय-सौदा, भोग-बंधक, दान-वसीयत आदि कर सकता है। आम जनों से आग्रह है कि उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में क्रेता से किसी भी प्रकार का संव्यवहार या लेनदेन इत्यादि ना करें। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, बैंक या निकाय इत्यादि को दावा-आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में दिए गए कार्यालय पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज दर्ज करावें अन्यथा निर्धारित अवधि उपरांत उक्त संपत्ति के संबंध में प्राप्त दावा-आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

तदानुसार सर्वसाधारण को सूचनार्थ।

**स्थान - रायपुर**
**दिनांक 20/03/2026**

**सौरभ चौधरी (अधिवक्ता)**
**कार्यालय-डी 4 & 5 4th फ्लोर, कोरम काम्पलेक्स (SIS) VIP चौक, तेलीबांधा रायपुर छत्तीसगढ़**

### आम सूचना

एतद द्वारा आमजनों को सूचित किया जाता है कि Flat no. B-401, Block-b, Golden Sands, Shankar Nagar, Raipur (C.G.) के विक्रय हेतु M/s Nexus Devcon Pvt. Ltd. द्वारा डायरेक्टर श्री तरुण मारवाह, कार्यालय - B-38, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर (छ.ग.) (बिल्डर) एवं क्रेता- श्री उमेश कुमार पाण्डेय, पिता त्रिवेणीपाल पाण्डेय, निवासी -ई. डब्लू.एस. 06, ग्राम-कुम्हारी, पानी टंकी के पास, धमधा दुर्ग (छ.ग.) के मध्य निष्पादित विक्रय इकरारनामा दिनांक 02/07/2019 का अनुपालन एवं विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि का भुगतान नहीं होने के कारण उसे दिनांक 24/10/2024 को निरस्त कर दिया गया है। बिल्डर एवं क्रेता के मध्य उक्त विक्रय इकरारनामा समाप्त कर दिया गया है, तथा उभयपक्षों के मध्य किसी भी प्रकार का लेन-देन शेष नहीं है। क्रेता अपने ऋण, देनदारियों, खर्चें एवं क्षति के लिए स्वयं उत्तरदायी है।

उक्त फ्लैट-संपत्ति का स्वामित्व एवं आधिपत्य केवल बिल्डर का है जिसे वह अपनी आवश्यकतानुसार उपयोग-उपभोग, विक्रय-सौदा, भोग-बंधक, दान-वसीयत आदि कर सकता है। आम जनों से आग्रह है कि उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में क्रेता से किसी भी प्रकार का संव्यवहार या लेनदेन इत्यादि ना करें। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, बैंक या निकाय इत्यादि को दावा-आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में दिए गए कार्यालय पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज दर्ज करावें अन्यथा निर्धारित अवधि उपरांत उक्त संपत्ति के संबंध में प्राप्त दावा-आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

तदानुसार सर्वसाधारण को सूचनार्थ।

**स्थान - रायपुर**
**दिनांक 20/03/2026**

**सौरभ चौधरी (अधिवक्ता)**
**कार्यालय-डी 4 & 5 4th फ्लोर, कोरम काम्पलेक्स (SIS) VIP चौक, तेलीबांधा रायपुर छत्तीसगढ़**

### ब्रह्माकुमारीज़ का समर कैंप कल से होगी शुरू

**रायपुर।** शहर में बच्चों के सर्वांगीण विकास और नैतिक मूल्यों के निर्माण के उद्देश्य से हर वर्ष आयोजित होने वाला ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा का बहुप्रतीक्षित समर कैंप इस वर्ष भी 1 मई से शुरू होने जा रहा है। "संस्कारों की पाठशाला" के नाम से प्रसिद्ध यह शिविर 1 से 10 मई तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10:30 बजे तक ज्ञान ज्योति भवन, ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा में आयोजित किया जाएगा। निःशुल्क है, जिसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों का विकास करना है, ताकि वे जीवन में बेहतर दिशा प्राप्त कर सकें। ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा की संचालिका बीके प्रियंका ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बीएमओ डा. मिश्रा ने रेडक्रास सोसाइटी में ली संरक्षक की सदस्यता

**रायपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के समक्ष स्वास्थ्य विभाग के खण्ड चिकित्सा अधिकारी शहरी रायपुर डॉ. पंकज किशोर मिश्रा ने बुधवार को रेडक्रॉस सोसाइटी में संरक्षक सदस्य के रूप में सदस्यता ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने सदस्यता राशि ग्रहण की। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एक स्वतंत्र मानव समाजसेवी संस्था है, जो आपदा एवं संकट की परिस्थितियों में पीड़ितों की सहायता के लिए समर्पित है। संस्था द्वारा भूकंप, आग, बाढ़ एवं सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान तथा रक्तदान शिविरों का नियमित आयोजन किया जाता है। संस्था से जुड़ने के लिए विभिन्न श्रेणियों में सदस्यता प्रदान की जाती है, जिसमें संरक्षक सदस्य के लिए 25,000 रुपए, उप संरक्षक सदस्य के लिए 12,000 रुपए, आजीवन सदस्य के लिए 1,000 रुपए तथा वार्षिक सदस्यता के लिए 100 रुपए निर्धारित किए गए हैं।

### राजेंद्रनगर थाना के 200 मीटर आगे ट्रैफिक सिग्नल बना जाम का कारण

**रायपुर।** राजेंद्रनगर थाना से महज 200 मीटर आगे मुख्य सड़क पर लगा ट्रैफिक सिग्नल ही जाम का कारण बन गया है। इस ट्रैफिक सिग्नल के कारण हर दिन सुबह 10 बजे से लेकर रात 9 बजे तक जाम की स्थिति बनी रहती है। इस जाम में आम लोगों के अलावा एंबुलेंस, स्कूल की बसें यहां तक पुलिस वाहन भी फंस रही है। जाम लगने का सबसे बड़ा कारण रोड की चौड़ाई है। राजेंद्र नगर मार्ग पर सड़क की चौड़ाई इतनी कम है, कि अन्य तीनों तरफ का सिग्नल ग्रीन होने पर भी राजेंद्रनगर की ओर जाने वाली वाहन रोड क्रास नहीं कर पाती है। इसके कारण मेन रोड पर ही जाम लगने लगता है। इसके कारण क्षेत्र के लोगों को हर दिन इस जाम में फंसना पड़ रहा है।

### मां छिन्नमस्ता प्राकट्य दिवस आज

**रायपुर।** पुरानी बस्ती शीतला माता मंदिर, मां धूमावती सिद्धपीठ, दस महाविद्यालय में 30 अप्रैल को मां छिन्नमस्ता प्राकट्य दिवस (छिन्नमस्ता जयंती) मनाई जाएगी। जयंती के शुभ अवसर पर शाम 7 बजे भक्तों के आत्मकल्याण निमित्त पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी द्वारा हवन, पूजन, अनुष्ठान, महायज्ञ किया जाएगा। साथ ही माँ छिन्नमस्ता मंत्र दीक्षा भी दिया जाएगा। पुजारी ने बताया कि माँ छिन्नमस्ता की साधना, आराधना, उपासना से कुण्डलिनी जागरण, शत्रु पर विजय प्राप्ति, ज्ञान प्राप्ति, भौतिक सुखों की प्राप्ति, मन वांछित फलों की प्राप्ति होती है।

# शराब से सिर्फ लिवर ही नहीं, किडनी भी हो रही फेल, मरीजों की संख्या चालीस फीसदी तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब का सेवन सिर्फ लिवर ही नहीं, किडनी को भी फेल कर रहा है। चौंकाने वाली बात यह कि ऐसे मरीजों की संख्या चालीस फीसदी तक बढ़ चुकी है। आंबेडकर अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग में बढ़ रहे डायलिसिस मरीज में चालीस फीसदी की हिस्ट्री कुछ ऐसी ही है। अल्कोहल द्वारा लिवर के अलावा किडनी को भी डैमेज करने की बढ़ती शिकायतों पर रिसर्च की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस पर नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञ विचार भी कर रहे हैं।

प्रदेश में किडनी की बीमारी काफी आम हो चुकी है। ऐसे मरीजों को डायलिसिस की सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न तरह की योजना भी चला रही है। स्वास्थ्य केंद्रों से जिला अस्पताल में भी निशुल्क डायलिसिस सेवा प्रदान की जा रही है। मरीजों की सुविधा के लिए डीके अस्पताल के साथ आंबेडकर अस्पताल में भी नेफ्रोलॉजी विभाग के माध्यम से किडनी के मरीजों को उपचार की सुविधा दी जा रही है। यहां किडनी की बीमारी से पीड़ित होकर आने वाले मरीजों की हिस्ट्री गंभीर चिंता का विषय बन रही है। चिकित्सकों के अनुसार आने वाले मरीजों की हिस्ट्री में शराब की लत और उससे लिवर प्रभावित होना शामिल है।

अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों में 40 फीसदी अल्कोहलिक होने के कारण लिवर के साथ अपनी किडनी भी डैमेज कर चुके हैं और उन्हें अन्य इलाज के साथ डायलिसिस की जरूरत पड़ रही है। चिकित्सकों का कहना है कि लिवर की समस्या वाले मरीजों की किडनी प्रभावित होने के बढ़ते मामलों को देखते हुए रिसर्च की जरूरत महसूस की जा रही है।

### दुर्लभ बीमारी का भी हुआ इलाज

किडनी रोग विभाग में अंबिकापुर के एक 19 साल के मरीज को हुई दुर्लभ बीमारी का यहां इलाज किया गया है। मरीज की दोनों किडनी खराब होने की वजह से उसे डायलिसिस पर रखा गया था। परिवार वालों को उसका किडनी ट्रांसप्लांट कराने की सलाह भी दी गई थी। चिकित्सकों के मुताबिक मरीज की त्वचा का रंग चितकबरा हो गया था। मरीज की अन्य तरह की बीमारी भी थी जिसका इलाज कराया जा रहा है।



### अध्ययन की जरूरत

अल्कोहलिक लिवर पेशेंट के साथ किडनी प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही है। इसे देखते हुए रिसर्च की जरूरत महसूस हो रही है। विभाग में मरीजों को आवश्यकता अनुसार इलाज की सुविधा दी जा रही है।

- डा. पुनीत गुप्ता, अध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी विभाग, आंबेडकर अस्पताल

### डायलिसिस से भी मिल रही राहत

नेफ्रोलॉजी विभाग में किडनी प्रभावित मरीजों को बड़ी संख्या डायलिसिस की सुविधा भी दी जा रही है। यहां होने वाले ओपीडी में आने वाले मरीजों को आवश्यकता के अनुसार अन्य इलाज भी उपलब्ध कराया जा रहा है। विभाग में बच्चों के किडनी ट्रांसप्लांट सहित अन्य उपचार की सुविधा के विस्तार किए जाने की तैयारी है।

## हर साल वेंडर को अनुदान से सरकार को लगता है लाखों का चूना

# 25 साल बाद मंत्रालय में बदलेगा खाने का स्वाद, संसद की तरह सब्सिडी खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मंत्रालय में ढाई दशक बाद खानपान का स्वाद बदला हुआ महसूस होगा। मंत्रालय में 25 सालों से इंडियन कॉफी हाउस के माध्यम से कैंटीन का संचालन किया जा रहा था। अब नए वेंडर को कैंटीन संचालन का अवसर मिलेगा। खास बात यह है कि संसद की तर्ज पर मंत्रालय में भी सब्सिडी खत्म करने की योजना है।

इससे खानपान पर होने वाले अनावश्यक खर्च पर तो लगाम लगेगा ही, शासन के खाते से वेंडर को सब्सिडी के रूप में होने वाले भुगतान पर भी रोक लगेगी। इससे शासन का सब्सिडी पर होने वाला खर्च कम होगा, लेकिन कर्मचारियों और मंत्रियों के स्टॉफ को खानपान का वास्तविक कीमत भुगतान करना होगा। इंडियन कॉफी हाउस ने अपना कामकाज मंत्रालय की कैंटीन से समेटना प्रारंभ कर दिया है। दूसरी ओर शासन स्तर पर नए वेंडर की तलाश भी प्रारंभ कर दी गई है। इस बीच कर्मचारियों ने सस्ती दरों पर ही खानपान उपलब्ध कराने की मांग भी मुख्य सचिव से की है।

## सब्सिडी खत्म होने से महंगे खानपान का बोझ कर्मचारियों पर



### पुरानी बिल्डिंग से था आईसीएच

मंत्रालय में इंडियन कॉफी हाउस के माध्यम से कैंटीन का संचालन पुरानी बिल्डिंग के दौर से किया जा रहा था। नए मंत्रालय में भी कैंटीन का संचालन इंडियन कॉफी हाउस के माध्यम से किया जा रहा था। मंत्रालय में प्रति माह 10 लाख रुपए का बिजनेस कॉफी हाउस के माध्यम से हो रहा था। अब बड़े महिला स्वसहायता समूह या नए वेंडर को कैंटीन संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी।



### शासन को ऐसे नुकसान

*मंत्रालय में संचालित कैंटीन में उपलब्ध सामग्री की कीमत को नियंत्रित रखने के लिए तो शासन को सब्सिडी देना ही पड़ता है। मंत्रियों के स्टॉफ या विभिन्न विभागों के अफसरों और स्टॉफ द्वारा भी पर्ची के माध्यम से ऑर्डर दिए जाते थे, जिसका भुगतान विभाग यानी सीधे तौर पर शासन स्तर पर ही किया जाता है। इस तरह कैंटीन की लगभग 60 फीसदी राशि का भुगतान शासन को करना पड़ता था।*

# जूस सेंटर में खराब नीबू, मैंगो पल्प और रंगीन सोडा मिला, लिए गए दही और पनीर के सैंपल





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच का तीसरा दिन

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखने निकले खाद्य निरीक्षकों की टीम को जूस सेंटर में 6 किलो खराब नीबू, मैंगो पल्प और रंगीन सोडा की बोतल मिली। इसे स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक मानते हुए नष्ट करा दिया गया। वहां विभिन्न डेयरी में जांच के बाद दही और पनीर के सैंपल लिए गए। औषधि निरीक्षकों की टीम ने बुधवार को ग्रामीण इलाकों के फैंसी में जाकर कास्मेटिक सामग्रियों की जांच की। "सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार" थीम के तहत नियंत्रक दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम जिलेभर में निरीक्षण के साथ-साथ आम नागरिकों को जागरूक भी कर रही है। इसके तहत अभियान के दूसरे और तीसरे दिन गन्ना रस, सॉफ्ट ड्रिंक, आइसक्रीम और जूस सेंटरों पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान कुल 17 दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें एक दुकान को सुधार सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा टीम ने दर्जनभर डेयरी प्रोडक्ट संस्थानों की जांच अभिहित अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में किया। ड्रग इंसपेक्टरों की टीम ने आरंग इलाके के फैंसी स्टोर्स को अपनी जांच के दायरे में लाया। टेकचंद धीरहे, ओम प्रकाश यादव, ईश्वरी नारायण सिंह, सुरेश कुमार साहू, प्रीति उपाध्याय, हंसा साहू की टीम ने आरंग के कंचन स्टोर, सरिता किराना स्टोर, मानसी फैंसी स्टोर, शंकर फैंसी स्टोर, रफीक जनरल स्टोर, होलसेल फैशन बाजार, राकेश फैंसी स्टोर में जांच की इस दौरान 3 सामग्रियों के नमूने भी लिए गए। जाँच दल ने दुकानदारों को भविष्य में किसी भी वैधानिक त्रुटि से बचने के लिए वैध बिल, कास्मेटिक एक्ट का पालन ऐसी कोई भी क्रीम या औषधि न बेचें जो 'ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज श्रेणी में आती हो और कॉस्मेटिक के नाम पर बेची जा रही हो।

# सुशासन तिहार तैयारियों की समीक्षा, कलेक्टर ने कहा- मौके पर ही आवेदन का समाधान करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



एक मई से शुरू होने जा रहा सुशासन तिहार की तैयारियों को लेकर कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविर में पहुंचने वाले लोगों के ज्यादा से ज्यादा आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया जाए।

कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार के लिए जिलेभर में शिविरों के आयोजन के लिए स्थल एवं समय निर्धारित कर दिए गए हैं, तथा प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ब्लॉक स्तर पर भी अधिकारियों को शिविर संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि शिविरों का संचालन व्यवस्थित और प्रभावी हो तथा आवेदन करने की प्रक्रिया सरल और सहज बनी रहे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि यथासंभव मौके पर ही प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाए और निराकरण की गुणवत्ता (क्वालिटी डिस्पोजल) सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र से प्राप्त प्रत्येक आवेदन को स्वयं पढ़ें और निराकरण होने या न होने की स्थिति में उसका विस्तृत कारण दर्ज करें। कलेक्टर ने जिला एवं सब-डिवीजन स्तर के अधिकारियों की शिविरों में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नोडल अधिकारियों को स्पष्ट किया कि शिविर का सुचारू संचालन एवं जनप्रतिनिधियों तक समय पर सूचना पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी होगी।

## अब तक 12 मरीजों को मिली सुविधा

# रोड एक्सीडेंट में घायलों को मिल रहा कैशलेस इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सड़क हादसे में घायल होने वाले मरीजों को अब कैशलेस इलाज की सुविधा मिलने लगी है। राज्य के अब तक दर्जनभर मरीजों ने पीएम-राहत योजना के तहत पंजीयन कराकर निशुल्क इलाज का लाभ लिया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री रोड एक्सीडेंट विक्टिम हॉस्पिटलाइजेशन एंड एश्योर्ड ट्रीटमेंट योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल एवं कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत दुर्घटना के बाद के महत्वपूर्ण समय यानी गोल्डन ऑवर में बिना किसी देरी के अस्पताल में भर्ती कर अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति 1 लाख 50 हजार रुपए तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में आयुष्मान की इंपैनल्ड लिस्ट में शामिल हास्पिटलों के माध्यम से उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। योजना में अब तक 12 सड़क दुर्घटना पीड़ितों का पंजीयन कर योजना के तहत उपचार किया गया है। इनमें से 10 मरीजों का इलाज भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव में तथा 2 मरीजों का उपचार संजीवनी नर्सिंग होम, चिखली में किया गया। इस योजना में प्रदेश के तमाम शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जिला अस्पताल सहित अन्य निजी अस्पतालों को शामिल किया गया है। पीएम-राहत योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए नागरिक निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# मूणत ने 111 हितग्राहियों को दिए पीएम आवास के भवन अनुज्ञा पत्र

- जोन 7 कार्यालय पहुंचकर 17 वार्डो के हितग्राहियों को सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वयं का पक्का मकान बनाने बुधवार को 17 वार्डो के 111 परिवारों को भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए।

इस दौरान भवन अनुज्ञा स्वीकृति पत्र पाकर हितग्राहियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। श्री मूणत ने नगर निगम जोन 7 कार्यालय पहुंचकर महापौर मीनल चौबे सहित जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, प्रीतम ठाकुर, एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू,दीपक जायसवाल सहित अन्य वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में हितग्राहियों को सौगात दी।

राजधानी के अग्रसेन चौक स्थित जोन 7 कार्यालय पहुंचकर विधायक राजेश मूणत ने शहर के 17 वार्डो के 111 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वयं का पक्का मकान निर्माण करने स्वीकृति पत्र प्रदान किए इस मौके पर महापौर मीनल चौबे की अगवाई में मंच पर वार्ड पार्षदों ने विधायक राजेश मूणत का गजमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर एमआईसी सदस्य सुमन-अशोक पांडे, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, पार्षद मीना ठाकुर, आनंद अग्रवाल, भगतराम हरवंश, अर्जुन यादव, महेंद्र औसर, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, आशीष अग्रवाल, निगम अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, सहायक अभियंता अमित बोस, सहित गणमान्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## महापौर मीनल की अगवाई में वार्ड पार्षदों ने मूणत का गजमाला पहनाकर किया स्वागत




आवश्यकता है



ड्राइवर - 1
कुशल ड्राइवर (ऑटोमेटिक गाड़ी चलाने में सक्षम)
इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा एवं
ड्राईविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करें
समय : सुबह 10 से शाम 6 बजे
एच.आर. विभाग
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

# रायपुर दक्षिण विधायक सोनी, महापौर चौबे ने 1.50 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मोरेश्वर राव गद्रे और शहीद पंकज विक्रम वार्ड के रहवासियों को सौगात



रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे ने बुधवार को मोरेश्वर राव गद्रे और शहीद पंकज विक्रम वार्ड में डेढ़ करोड़ रुपए के नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड के अलग-अलग 19 स्थानों पर सीसी रोड, नाली, पुलिया निर्माण सहित विविध विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इसी तरह शहीद पंकज विक्रम वार्ड में 4 स्थानो पर नई सीसी रोड, नाली, पुलिया निर्माण के करीबन 41 लाख के नये विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। नगर निगम जोन 6 के 2 वार्डो में डेढ़ करोड़ के नए विकास कार्य कराए जाएंगे। यह कार्य अधोसंरचना मद, रायपुर दक्षिण विधायक निधि, तथा सामान्य मद निधि से करवाए जायेंगे. रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी और महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने विकास कार्यो का भूमिपूजन किया।

इस मौके पर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी,मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड पार्षद अंजलि -जितेन्द्र गोलछा, शहीद पंकज विक्रम वार्ड पार्षद स्वप्निल मिश्रा, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता,जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन मेघानी, पार्षद रमेश सपहा, प्रमोद कुमार साहू,पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी जोन 6 जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

02

शादी फंक्शन में चार चांद लगाने समर ...

## लाइव इवेंट

### संगीत की छात्राओं ने कथक नृत्य की प्रायोगिक परीक्षा में ठुमरी एवं भजन की दी प्रस्तुति



**रायपुर।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा सत्र 2025–26 की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षाओं का बुधवार को कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में सफलतापूर्वक समापन हुआ। विशेष संयोग यह रहा कि बुधवार को इंटरनेशनल डांस डे के अवसर पर कथक नृत्य की परीक्षाओं के साथ इस परीक्षा सत्र का समापन हुआ। यह अवसर छात्राओं के लिए अत्यंत सुखद एवं प्रेरणादायक रहा, जब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के दिन ही अपनी नृत्य परीक्षाएं दीं। इससे परीक्षा का वातावरण और भी उत्साहपूर्ण एवं सांस्कृतिक रंगों से भर गया। कथक नृत्य की प्रायोगिक परीक्षाओं में छात्राओं ने आमद, तोड़े-टुकड़े, परन, कवित्त, तत्कार, ठुमरी एवं भजन आदि विविध अंगों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां विभिन्न तालों में दीं। परीक्षकों द्वारा उनकी मेहनत, अभिव्यक्ति, तालबद्धता एवं मंच प्रस्तुति का सूक्ष्म मूल्यांकन किया।



लगभग 100 छात्राओं ने इन परीक्षाओं में सहभागिता की। ये परीक्षाएं पिछले दो-तीन दिनों से निरंतर चल रही थीं, जिनका बुधवार को सफल समापन हुआ। इस अवसर पर नृत्य प्रस्तुतियां विद्यार्थियों के समर्पण, साधना एवं भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

## सिटी इवेंट

### गर्मी में तैराकी का आनंद लेने सुबह-शाम इंटरनेशन स्विमिंग पूल में उमड़ रहा बच्चे-बड़ों का हुजूम



**रायपुर।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही राजधानी के स्विमिंग पूल में फिर से रौनक लौट आई है। अप्रैल में तापमान बढ़ने के बाद लोग सुबह और शाम अलग-अलग शिफ्ट में तैराकी करने पहुंचने लगे हैं। स्विमिंग पूल में तैराकी करना हर आयु वर्ग के लोगों को पसंद आ रहा है। 16 साल से लेकर 60 साल तक के लोग तैराकी के लिए पूल पहुंच रहे हैं। इसमें महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय स्वीमिंग पूल में मेंबरशिप लेने के लिए इन दिनों स्विमिंग के शौकीनों की भीड़ जुटनी शुरू हो चुकी है। बच्चों को तैराकी सिखाने के लिए नए उपकरण भी आए हुए हैं। प्रबंधक पुष्पकांत चंद्राकर ने बताया कि स्विमिंग पूल में गर्मी से राहत पाने युवा, बच्चों और महिलाओं के लिए सुबह-शाम अलग-अलग शिफ्ट लगाई जा रही है। शाम के वक्त बच्चों की भीड़ पूल में बढ़ जाती है तो वहीं सुबह के वक्त बड़ी संख्या में युवा पहुंचते हैं। गर्मी के लिए पूल विशेष रूप से पूरी तरह से तैयार किया जा चुका है। सभी वर्ग के लिए पूल को रस्सी की मदद से बांट दिया गया है। इस समर सीजन में अब तक 500 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है, जिन्हें 1-1 घंटे के बैच में शिफ्टवाइज स्विमिंग की ट्रेनिंग दी जा रही है।

#### सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट के साथ निगरानी टीम

प्रबंधक पुष्पकांत चंद्राकर ने बताया कि वर्तमान में युवा, बच्चों और महिलाओं के लिए सुबह-शाम अलग-अलग शिफ्ट लगाई जा रही है। शाम के वक्त बच्चों की भीड़ पूल में बढ़ जाती है, वहीं, सुबह के वक्त बड़ी संख्या में युवा पहुंचते हैं। गर्मी के लिए पूल विशेष रूप से तैयार किया जा चुका है। सभी वर्ग के लिए पूल को रस्सी की मदद से बांट दिया गया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से लाइफ जैकेट और ट्रेनर पूरे समय पूल में नहाने वालों की निगरानी करते हैं।

#### 15 प्रोफेशन स्विमिंग एक्सपर्ट की टीम दे रहें ट्रेनिंग

इंटरनेशनल स्विमिंग पूल में गर्मी में मेंबर्स की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रोफेशन स्विमिंग एक्सपर्ट की टीम संख्या 5 से बढ़ाकर 15 कर दिया गया है। इसमें 5 गर्ल्स स्विमिंग एक्सपर्ट हैं। वहीं, बाकी पुरुष की टीम है, जो सुबह 6 से 11 और शाम 4 से रात 9 बजे तक मेंबर्स को तैराकी के गुर सिखा रहे हैं।

#### महीने का 2000 रुपए की फीस

इंटरनेशनल स्विमिंग पूल में रजिस्ट्रेशन के लिए कुछ दर भी निर्धारित की गई हैं। पहले एडमिशन की फीस 300 रुपए, फिर महीने की 2000 रुपए, तीन महीने की 5000 रुपए, छह महीने की 8000 रुपए और एक साल की फीस 13000 रुपए है।



### मां-पिता करते हैं मजदूरी, गांव से 20 किलो रोज ऑटो से शहर आकर पढ़ीं

दानी गर्ल्स स्कूल की कॉमर्स संकाय की छात्रा काजल साहू ने 12वीं सीजी बोर्ड परीक्षा में 96.60 प्रतिशत हासिल कर प्रदेश में 9वां स्थान हासिल की है। उन्होंने बताया कि वह 1 से 8वीं तक मुजगहन में पढ़ी हैं, इसके बाद 9 से 12वीं तक गांव से रोजाना शहर दानी गर्ल्स स्कूल आकर पढ़ाई की है। मां और पिता मजदूरी करते हैं। माता-पिता की मेहनत को देखकर मैं मन लगाकर पढ़ाई की हूं, ताकि उनके नाम को रोशन कर सकूं। स्कूल के प्राचार्य हितेश दीवान ने बताया कि काजल साहू स्कूल की मेधावी छात्रा रही हैं। वह शांत और पढ़ने लिखने में तेज, आत्मविश्वासी छात्रा हैं। काजल ने इस उपलब्धि से स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।



### पिता के संघर्ष को बनाई ताकत, आगे भी करूंगी प्रयास

प्रयास आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी में पढ़ने वाली भारती ने भी 10वां रैंक प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि पिता ओमप्रकाश मजदूरी करते हैं। उनके संघर्ष को ही मैंने अपनी ताकत बनाई और खुद पर भरोसा करके प्रतिदिन 9 से 10 घंटे सेल्फ स्टडी करते हुए टॉप 10 में जगह बनाई। आगे गणित लेकर पढ़ना चाहती हूं, साथ ही आईपीएस बनने का सपना पूरा करने के लिए अभी बहुत संघर्ष करना है। इसलिए इस सफलता से आगे बड़े सपने को साकार करने के लिए प्रयास जारी रखूंगी। इसके लिए माता-पिता और गुरुओं से भी बल मिलता है। उनके भरोसे के साथ आगे भी पढ़ाई करने की इच्छा है। पिताजी हमेशा मुझे पढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

### सीजी बोर्ड परीक्षा में 10वीं और 12वीं के टापर्स ने सेल्फ स्टडी के दम पर लहराया परचम, चर्चा में साक्षा किए अनुभव

# मजदूर, किसान और सफाई कर्मी के बेटे-बेटियों ने बोर्ड परीक्षा में मारी बाजी, आंखों में आईपीएस, आईएएस बनने का सपना

रायपुर। 'सीजी बोर्ड द्वारा बुधवार को जारी किए गए रिजल्ट में इस साल भी 10वीं और 12वीं की परीक्षा के टापर्स में शिक्षक, व्याख्याता ही नहीं मजदूर, किसान सहित निगम के सफाई कर्मी के बेटे-बेटियों ने भी बाजी मारी। आंखों में आईपीएस, आईएएस बनने का सपना संजोए वे सेल्फ स्टडी के दम पर अपने सपनों को साकार करने का जुनून लिए आगे भी संघर्ष करने के लिए संकल्पित हैं। हरिभूमि से चर्चा में भी उन्होंने भविष्य के सपनों को अपने सामर्थ्य से साकार करने पर जोर दिया।'

#### मनोरोगियों की सेवा करने बनूंगी मनोचिकित्सक

दीपांशी बौद्ध ने टॉप 10 में सेकंड रैंक प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी से पढ़ाई करते हुए गुरुओं के सहयोग से यह सफलता मिली। क्योंकि, मैंने सेल्फ स्टडी पर फोकस किया, किसी से कोचिंग लेने की जरूरत महसूस नहीं की। उन्होंने बताया कि पिताजी प्राचार्य हैं, उन्होंने प्राइवेट स्कूल की बजाय सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए प्रेरित किया। भविष्य में भी सेल्फ स्टडी के दम पर ही अपने सपने को पूरा करना चाहती हूं। उन्होंने बताया कि आते-जाते मानसिक संतुलन खो चुके लोगों को सड़क पर रोज दिनहीन स्थिति में देखकर पीड़ा होती है। मैं भविष्य में एक मनोचिकित्सक बनना चाहती हूं, ताकि ऐसे लोगों का जीवन फिर संवार सकूं।

#### प्रशासनिक सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में मेरी रुचि

इस बार तीसरा रैंक शासकीय विद्यालय तरपोंगी की छात्रा कल्पना यादव ने प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि पिताजी प्राइवेट कंपनी में फीटर हैं। उनके संघर्ष को ही मैंने अपनी ताकत बनाई और सफलता अर्जित की। भविष्य में आईएएस बनना चाहती हूं। इसके लिए सेल्फ स्टडी करना चाहती हूं। मैंने अपने लिए दो गोल तय किए हैं, अगर प्रशासनिक सेवा में किसी कारण नहीं जा सकी तो एक शिक्षक के रूप में दायित्व का निर्वहन करना चाहूंगी। मेरा मानना है कि गुरुओं ने हमें जो दिया, उसे छात्र-छात्राओं को वापस लौटाना चाहिए। किसी एक विद्यार्थी का जीवन संवारने में सफल हुई तो मेरी मेहनत सफल हो जाएगी। इसके लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगी।

#### पिता और गुरुओं से मिली प्रेरणा, बनूंगा इंजीनियर

वहीं, प्रयास आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी के छात्र आदित्य बासु को चौथा रैंक प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 7 से 8 घंटे सेल्फ स्टडी करने से यह सफलता मिली है। 11वीं में गणित लेकर पढ़ना और इंजीनियर बनना चाहता हूं। इसके लिए आगे जितना भी संघर्ष करना पड़ेगा उसके लिए मानसिक रूप से तैयार हूं। पिताजी सरकारी विद्यालय में व्याख्याता हैं, उनकी प्रेरणा से ही गणित में रुचि बढ़ी। जब प्रयास विद्यालय में पढ़ने के लिए आया तो यहां शिक्षक, शिक्षिकाओं से बेहतर मार्गदर्शन मिला। इसके चलते ही यह सफलता प्राप्त की है। इस मेहनत में किसी प्रकार की कमी नहीं करना चाहता हूं, क्योंकि पिता से मिलने वाली सकारात्मक सोच मुझे प्रेरित करती हैं।

#### सेल्फ स्टडी से बढ़ता है आत्मविश्वास और भरोसा

स्वामी आत्मानंद विद्यालय नेवरा की छात्रा सौम्या साहू ने 10वां रैंक प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि कभी कोचिंग जाने की स्थिति नहीं बनी। पिताजी सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं, जब कभी भी कोई दिक्कत आती थी, उनसे मार्गदर्शन मिलता रहा। आगे भी सेल्फ स्टडी ही करना चाहती हूं। उन्होंने बताया कि साइंस में मेरी रुचि है, इसलिए बायो टेक्नालॉजी में ही कॅरियर बनाना चाहती हूं। इसके लिए जितनी मेहनत करनी पड़ेगी करने को मानसिक रूप से तैयार हूं। दूसरे लोगों को यही कहती हूं कि खुद पर भरोसा करने से सफलता मिलेगी। सेल्फ स्टडी करने से आत्मविश्वास बढ़ता है, जबकि कोचिंग के भरोसे रहने से सहारे की आदत बनती है, जो जीवनभर बनी रहती है।

#### पिता को तीन साल पहले खोया, मां निगम में सफाईकर्मी

गवर्मेंट गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल मंदिर हसौद की कॉमर्स संकाय की छात्रा मानसी टंडन ने विपरीत परिस्थिति में धैर्य, लगन और मेहनत से 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 96.40 प्रतिशत के साथ स्टेट मेरिट के टॉप टेन में 10वां स्थान हासिल की हैं। मानसी ने बताया कि उनके पिताजी का बीमारी से तीन साल पहले निधन हो गया और मां नगर निगम में सफाईकर्मी है। उन्होंने बताया कि वे 5 बहनों में सबसे छोटी है, बाकी बहनें भी पढ़ाई कर रही हैं। घर का पूरा आर्थिक खर्च मां के कंधे पर हैं। ऐसे में मेरा एक ही लक्ष्य रहा है कि मैं खूब पढ़ाई कर काबिल बनूं और अपनी मां व बहनों को हर खुशी दूं।

#### कभी कोचिंग क्लास नहीं गई, फिर भी गणित में 100 में 100 अंक हासिल की

रायपुर कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा हिमशिखा गुप्ता ने 12वीं सीजी बोर्ड में 96.80 प्रतिशत के साथ प्रदेश में 8वां पोजिशन हासिल की है। गणित संकाय की छात्रा हिमशिखा ने बताया कि वह आज तक कभी कोई कोचिंग क्लास नहीं गई है। वह स्कूल और घर में टीचर्स व सेल्फ स्टडी करती हैं। रायपुर कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल की प्रिंसिपल और मैथ्स की क्लास टीचर डॉ. श्वेता वासनिक ने बताया कि गणित विषय में 100 में 100 अंक हासिल किया है। हिमशिखा के पिता एनजीओ में काम करते हैं और मां हाउस वाइफ है।

#### किसान की बेटी ने हासिल की पांचवां स्थान अब पूरा करेंगी टीचर बनने का सपना

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट बीडी गवर्मेंट हिंदी-इंग्लिश मीडियम स्कूल खरोरा की मैथ्स संकाय की छात्रा हेमलता साहू ने 12वीं सीजी बोर्ड परीक्षा में 97.40 प्रतिशत के साथ स्टेट टॉपर में 5वां स्थान प्राप्त की है। हेमलता बताती है कि वह रोजाना घर में स्कूल के बाद 3 घंटे पढ़ाई करती रही हैं। केमिस्ट्री में वीकनेस दूर करने वहीं ट्यूशन क्लास भी गई हैं। हेमलता का सपना शिक्षक बनकर अपने किसान पिता भेखलाल साहू और मां भानुलता साहू का नाम रोशन करना चाहती हैं। आगे वह प्री-डीएड का एग्जाम की तैयारी कर रही हैं। स्कूल की प्रिंसपल रजनी मिंज ने बताया कि हेमलता शुरू से मेधावी छात्रा रही हैं।

#### यूपीएससी क्रैक करना मेरा लक्ष्य है

*डजल पब्लिक स्कूल श्रीनगर की कॉमर्स संकाय की छात्रा आफिया खातून ने सीजी बोर्ड परीक्षा में 96.60 प्रतिशत हासिल कर प्रदेश में 9वां स्थान हासिल की है। आफिया ने बताया कि वह सेल्फ स्टडी व क्लास से नियमित विषयों की रोजाना पढ़ाई करती रही हैं। उन्हें पढ़ाई-लिखाई बचपन से पसंद है और राइटिंग उनकी हॉबी भी है। अब चूंकि स्कूल एजुकेशन मेरिट अंक के साथ पूरा हो चुका है, तो पूरा फोकस ग्रेजुएशन के साथ यूपीएससी क्रैक करने पर है। आफिया ने बताया कि प्रशासनिक सेवा में जाना और देश की सेवा करना ही उनका एक मात्र लक्ष्य है।*

## फनकारों ने आशा भोसले के गीतों से बांधा समां, झूमे लोग





रायपुर। आशा भोसले कितनी वर्सेटाइल गायिका थी, इसका उदाहरण बुधवार को फिर देखने को मिला, जब दर्शकों से भरे महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में संगीत की हर विधा के गाने सुनने को मिले। हिंदी और मराठी के गाने ऐसे कि तालियों की गड़गड़ाहट आने वाली गायिकाओं को और भी प्रोत्साहित करती रही। सुप्रिया शेष की 'कजरा मोहब्बत वाला' और अस्मिता कुसरे के 'दो लफ्जों की है दिल की कहानी' की सुरीली प्रस्तुतियों ने ऐसा माहौल बनाया कि करीब दो घंटे तक दर्शक अपनी सीटों पर जमे रहे। अंजलि कान्हे की मराठी गानों की प्रस्तुति 'सांज ये गोकुळी' और वैशाली जोशी की 'रूपेरी वारूळ' ने कार्यक्रम को नई ऊंचाई दी। आशा भोसले के गानों की बात हो तो क्या कहने। 'जब छाए मेरा जादू' (मंजिरी बक्षी) 'जवानी जानेमन, हसीन दिलररूबा' पर लोग झूम उठे।-

### 21 गीतों पर 21 सिंगर्स ने जमाया रंग, सजाई महफिल

इस तरह कार्यक्रम में 21 गानों की 21 गायिकाओं की ओर से दी गई सुमधुर प्रस्तुतियों को संगीतप्रेमी दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में सफेद फूलों से सजे आशा भोसले की तस्वीर पर मुख्य अतिथि ज्योति बाला नारापाराजू, विशिष्ट अतिथि चांदनी दुबे, सरिता नासरे, कुमुद लाड और कार्यक्रम के अध्यक्ष चेतन दंडवते ने माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन किया। साथ ही सभी वक्ताओं ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से नई प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।

## 'अकाल पुरख की फौज' ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की



रायपुर। सिक्ख समाज की अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक एवं धार्मिक संस्था अकाल पुरख की फौज ने "शुभ करमन ते कबहु न डरो" के प्रेरणादायी संकल्प को आत्मसात करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश में अपने संगठनात्मक विस्तार किया। राष्ट्रीय कोर कमेटी की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया, साथ ही संस्था का विस्तार राज्य के 16 जिलों में सफलतापूर्वक किया गया। यह विस्तार समाज सेवा, धार्मिक जागरूकता एवं मानवीय मूल्यों के प्रसार की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर तख़्त दमदमा साहिब के साबका जत्थेदार ज्ञानी केवल सिंह, अकाल पुरख़ की फौज के संस्थापक जसविंदर सिंह, सिख विधेयक बोर्ड के सचिव बलविंदर सिंह जौड़ासिंघा विशेष रूप से अमृतसर पधारे विशेष अतिथियों ने मनोनयन एवं मार्गदर्शन में सहभागी बने। छत्तीसगढ़ में संपूर्ण प्रदेश से आए सदस्यों एवं वरिष्ठजनों ने सर्वसम्मति से अमरजीत सिंह को फिर से प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष के लिए अमरजीत सिंह संधू, कुलदीप सिंह होरा एवं जसपाल सिंह होरा को चुना गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बलदेव सिंह भाटिया, गुरमुख सिंह होरा, जगजीत सिंह खनुजा, प्रीतपाल सिंह होरा, अमरजीत सिंह छाबड़ा, दिलेर सिंह होरा, इंदरजीत सिंह खालसा, कुलदीप जुनेजा, गुरप्रीत बाबरा, परविंदर भाटिया, अवनीत भाटिया, अमरजीत दुआ, हरजोत सैलानी,राजेन्द्र चावला, जीएस भामरा, राजू होरा, इंदरजीत छाबड़ा, सुरेन्द्र छाबड़ा, कुलदीप चावला, मनिंदर सिंह मिन्ने आदि शामिल थे।

**समाज लाइव**

## समाज के लिए उत्कृष्ट काम करने वाली 51 महिलाओं का सम्मान



**रायपुर।** पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन ने पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के 10वें स्थापना दिवस पर 'पारस दशाब्दी उत्कर्ष उत्सव का भव्य आयोजन किया। यह कार्यक्रम केवल एक उत्सव नहीं था, बल्कि समाज में उत्कृष्ट काम करने वाली महिलाओं और संस्थाओं को सम्मानित करने का एक प्रेरणादायक मंच भी बना। इसमें 500 से अधिक महिलाओं की उपस्थिति ने आयोजन को खास बनाया। बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी से माहौल उत्साह और ऊर्जा से सराबोर रहा। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 51 महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही सात गैर-सरकारी संस्थाओं को भी सराहनीय योगदान के लिए मंच पर सम्मान मिला। एक विशेष पहल उन संयुक्त परिवारों को सम्मानित करना भी रहा, जिनमें चार पीढ़ियां एक साथ रह रही हैं। इस पहल के जरिए पारिवारिक एकता और भारतीय संस्कृति के महत्व को उजागर किया।

### बेहतर काम करने वालों का मनोबल बढ़ाने पहल

कार्यक्रम में फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ. कविता कुंभज, कोषाध्यक्ष राहुल कुंभज एवं उपाध्यक्ष ज्योति की उपस्थिति रही। उनके नेतृत्व में बेहद सुव्यवस्थित और सफल आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, छत्तीसगढ़ बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा एवं छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गायक विवेक शर्मा मंचस्थ रहे। इसके अलावा कई विशिष्ट अतिथि, समाजसेवी भी शामिल हुए। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में सकारात्मक कार्य करने वाले लोगों और संस्थाओं को प्रोत्साहित करना था। सम्मान प्राप्त करते समय प्रतिभागियों के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ दिखाई दे रहा था। आयोजन को सफल बनाने में सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनमें कमलेश जैन, गीता वर्मा, डी.पी. गोस्वामी, अनिकेता भारद्वाज, रूपेंद्र साहू और हर्षा साहू प्रमुख रहीं।

**गर्मी के मौसम में खूबसूरत दिखने के साथ-साथ चेहरे की स्कीन केयर करने तलाश रहे हेल्दी ब्यूटी प्रोडक्ट**

# शादी फंक्शन में चार चांद लगाने तैयारी, नेचुरल स्मोकी आइज वाटरप्रूफ मेकअप करवा रहीं वुमन्स

गर्मियों के मौसम में गर्ल्स मेकअप को लेकर काफी जागरूक रहती हैं। इसकी वजह वातावरण में अधिक तापमान व ह्युमिडिटी से मेकअप खराब होने की प्रॉब्लम से बचना होता है। इस मौसम में खूबसूरत दिखने के साथ-साथ चेहरे की स्कीन केयर को लेकर भी सतर्क रहना पड़ता है। शहर की जानी-मानी ब्यूटिशियन मेघा सेन के मुताबिक, समर सीजन में गर्ल्स आजकल मेकअप को लेकर बहुत जागरूक हैं और स्टेप-बाय-स्टेप तकनीक, जैसे कि प्राइमर, फाउंडेशन और स्किन टोन के हिसाब से सही प्रोडक्ट्स चुनने पर ध्यान दे रही हैं।वे शादी, पार्टी या डेली यूज के लिए स्किन टाइप ऑयली या ड्राई के अनुसार मेकअप करना पसंद कर रही हैं।

**रायपुर।** नेचुरल, स्मोकी आइज और बोल्ड लिप्स जैसे लुक्स के साथ-साथ महंगे वाटरप्रूफ मेकअप करा रही हैं, जिसमें वे फंक्शन में खूबसूरती से चार चांद लगा सकें और पसीने आदि के चलते मेकअप खराब न हो, लंबे समय तक ग्लो बरकरार रहे। चेहरे की ग्लो बरकरार रखने के लिए प्राइमर का उपयोग, वॉटरप्रूफ प्रोडक्ट्स और पाउडर से मेकअप सेट करना सबसे जरूरी है। सही स्किनकेयर और स्वेट-प्रूफ फाउंडेशन का चुनाव पसीने से बचाता है तथा फ्रेश लुक देता है।

### त्वचा को हाइड्रेटेड रखने अपनाएं ये टिप्स

गर्मी में मेकअप को प्रभावी बनाए रखने यहां कुछ खास टिप्स दिए गए हैं। मेकअप से पहले स्किन प्रेपर क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग मेकअप शुरू करने से पहले त्वचा को साफ करना, टोन करना और नमी देना जरूरी है। यह त्वचा को हाइड्रेटेड रखता है और मेकअप को फटने से रोकता है। मैटिफाइंग प्राइमर का इस्तेमाल करें। यह रोमछिद्रों को भरता है, अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करता है और मेकअप को त्वचा पर लंबे समय तक टिकाए रखने के लिए एक बेस बनाता है।



### स्किन विशेषज्ञ डॉक्टर्स की सलाह लें

ब्यूटी एक्सपर्ट नेहा अग्रवाल का कहना है कि चेहरे की स्किन काफी सेंसेटिव होती है। गर्मी के मौसम में प्रोफेशन ब्यूटी एक्सपर्ट के मार्गदर्शन में ही मेकअप का चुनाव करें और किसी भी तरह की सनबर्न या स्किन समस्या आए तो तुरंत ब्यूटी एंड स्किन विशेषज्ञ डॉक्टर्स की सलाह लेना न भूलें।



### खूब पानी पिएं, ताकि त्वचा अंदर से ग्लो करे

हाइलाइटर और सेटिंग स्प्रे : चेहरे के उच्च बिंदुओं पर हाइलाइटर लगाएं और मेकअप को सुरक्षित करने के लिए अंत में मेकअप फिक्सर या सेटिंग स्प्रे का उपयोग करें। यह मेकअप को लंबे समय तक ताजा रखता है। प्राकृतिक चमक भारी मेकअप से बचने के लिए ड्यूई लुक अपनाएं और खूब पानी पिएं, ताकि त्वचा अंदर से ग्लो करे।





### लिक्विड या स्टिक फाउंडेशन चुनें

स्वेट-प्रूफ फाउंडेशन गर्मियों में लिक्विड या स्टिक फाउंडेशन चुनें, जो लॉन्ग-लास्टिंग हों और पसीने में न बहे। पाउडर-बेस्ड प्रोडक्ट्स आईशैडो और फाउंडेशन को सेट करने के लिए पाउडर का उपयोग करें, क्योंकि यह पसीने को सोखता है और चमक बनाए रखता है। वॉटरप्रूफ मेकअप गर्मी में मस्कारा और आईलाइनर हमेशा वॉटरप्रूफ ही लगाएं, ताकि वे फैलें नहीं।

### घर पर भी पार्लर जैसा लुक

किफायती उपाय : जरूरी नहीं कि हमेशा महंगे पार्लर में ही जाएं। घर पर भी सही तकनीक, जैसे ब्यूटी ब्लेंडर का सही इस्तेमाल और अच्छे प्रोडक्ट्स के साथ पार्लर जैसा लुक पा सकती हैं। टच-अप, अपने साथ हमेशा एक कॉम्पैक्ट पाउडर रखें, ताकि दिन के दौरान जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त तेल को हटाकर मेकअप को दोबारा फ्रेश किया जा सके।

**धर्म लाइव**

## श्रीश्री आनंदमूर्ति जी का आविर्भाव दिवस महोत्सव का आगाज आज से

**रायपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ द्वारा श्रीश्री आनंदमूर्ति जी का 105वां आविर्भाव दिवस आज से मनाया जाएगा। यह दो दिवसीय महोत्सव 30 अप्रैल और 1 मई को श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ मनेगा। आयोजन ओसीएम चौक स्थित आनंद मार्ग जागृति में किया जाएगा। रायपुर भुक्ति प्रधान यदुनाथ ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को सुबह 5.30 बजे 24 घंटे के अखंड कीर्तन से होगी, जो 1 मई की सुबह 5.30 बजे तक चलेगा। इसी दिन दोपहर 4 बजे से 5 बजे तक बच्चों के लिए तात्कालिक भाषण एवं ड्रॉइंग प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। वहीं, शाम 5 बजे से 6.30 बजे तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा कालीबाड़ी होते हुए टिकरापारा और वापस नगर निगम कार्यालय होते हुए ओसीएम चौक लौटेगी। वहीं, आफिस सेक्रेटरी राखी वर्मा ने बताया कि 1 मई को सुबह 6 बजकर 7 मिनट पर भगवान श्रीश्री आनंद मूर्ति जी का आविर्भाव दिवस मनाया जाएगा।

इस दौरान शंख ध्वनि के जयघोष किया जाएगा। सामूहिक साधना, प्रभात संगीत, जयघोष, शंख ध्वनि, दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण, तांडव, कौशिकी, बाबा प्रवचन, वाणी पाठ और उद्बोधन जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके तहत सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रभात संगीत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। यह कार्यक्रम वृन्दावन हॉल में आयोजित होगा। वहीं, दोपहर 2 बजे से नारायण सेवा भंडारे का आयोजन ओसीएम चौक में किया जाएगा। शाम 6 बजे से 7 बजे तक ईश्वर प्राणिधान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का दिव्य दर्शन करने उमड़ी भीड़, भक्ति ने सजाया 'एक शाम शिव के नाम'

**रायपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा भव्य आध्यात्मिक आयोजन 'एक शाम शिव के नाम' स्वामी प्रणवानंद की उपस्थिति में श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव के साथ किया गया। इस आयोजन ने न केवल शहरवासियों को एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया, बल्कि शिव भक्ति के माध्यम से शांति, प्रेम और सकारात्मक ऊर्जा का लोगों में संचार किया। पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्य आकर्षण सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की पावन प्रेरणा से तैयार दिव्य प्रतिरूप रहा। जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभूति से अभिभूत किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दिव्य स्वरूप के समक्ष अपनी आस्था प्रकट की। मुक्ताकाशी मंच पर शाम को किए गए आयोजन में विधिवत रुद्राभिषेक भी किया गया।वैदिक मंत्रोच्चार और पूजन विधि के बीच रुद्राभिषेक ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण किया।



### श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पवित्र तीर्थस्थल का रूप लिया

*पंडितों द्वारा उच्चारित मंत्रों की गूंज और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पवित्र तीर्थस्थल का रूप लिया। वहीं, सत्संग ने लोगों को गहराई से प्रभावित किया। भजन, कीर्तन और आध्यात्मिक प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवन में शांति, संतुलन और आत्मिक उन्नति के महत्व को समझाया। सत्संग के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना, जहां हर व्यक्ति शिव नाम जाप और भक्ति में लीन हुआ। राज्य मीडिया समन्वयक दीपेंद्र दीवान और वैदिक धर्म संस्थान की राज्य समन्वयक रचना चतुर्वेदी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना को जागृत करना और लोगों को आंतरिक शांति की ओर प्रेरित करना है। भागदौड़ भरे जीवन में ऐसे आध्यात्मिक आयोजन व्यक्ति को मानसिक शांति प्रदान करने के साथ सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक होते हैं।*

## बुद्ध पूर्णिमा पर प्रदेशभर में होगा गृहे- गृहे गायत्री यज्ञ

**रायपुर।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर एक मई से गायत्री परिवार द्वारा गायत्री यज्ञ और उपासना का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में होगा। इसका उद्देश्य आध्यात्मिक जागरण और समर्थ, शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण करना है। इस संबंध में गायत्री परिवार के छत्तीसगढ़ प्रभारी सुखदेव निर्मलकर और जोन समन्वयक श्रीमती आदर्श वर्मा ने बताया कि प्रदेशभर में एक से तीन मई तक लाखों घरों में गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ किया जाएगा। इससे निश्चित ही गायत्री परिवार ने जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी भी तय की है। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि गृहे-गृहे यज्ञ से आध्यात्मिक शुद्धि होती है। इस गायत्री उपासना से वातावरण शुद्ध होता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।



### शक्तिपीठ स्तर पर बैठक, बनाई गई रणनीति

स्वास्थ्य संवर्धन और बहुत से रोगों के बचाव के लिए भी गृहे-गृहे यज्ञ किया जाएगा। इस संबंध में गायत्री परिवार ट्रस्ट समता कॉलोनी में ट्रस्टियों द्वारा शक्तिपीठ स्तर पर बैठक करके रणनीति बनाई गई है। गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, ट्रस्टी सदाशिव हथमल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, दीनानाथ शर्मा, शैलेश वर्मा के साथ गायत्री परिजनों द्वारा गृहे - गृहे यज्ञ, उपासना के संबंध में रणनीति बनाकर रायपुर महानगर में ज्यादा से ज्यादा घरों में गायत्री महायज्ञ का लाभ मिल सके, इसका प्रयास किया जाएगा। गायत्री यज्ञ के लिए प्रातः 8 से 12 बजे के बीच का समय तय किया गया है।

- गायत्री यज्ञ की इस विधि का अनुसरण करें
- गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, महाकाल मंत्र से आहुतियां दी जाती हैं।
- गायत्री यज्ञ में गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा सामूहिक उपासना की जाती है।
- यज्ञ के दौरान गायत्री मंत्र का जाप किया जाता है और आहुतियां दी जाती हैं
- गायत्री उपासना व यज्ञ के लाभ
- वातावरण शुद्धिः गायत्री यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।
- स्वास्थ्य संवर्धनः गायत्री यज्ञ से स्वास्थ्य संवर्धन होता है और रोगों से बचाव होता है।
- शांति और समृद्धिः गायत्री यज्ञ से शांति और समृद्धि आती है और जीवन में सकारात्मकता बढ़ती है।

**सिटी इवेंट**

## नृत्य हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नृत्य विभाग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नृत्य के प्रति रुचि बढ़ाना तथा विभिन्न नृत्य शैलियों के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिंद अमृतफले ने स्वागत भाषण दिया और अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नृत्य केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने यह भी बताया कि नृत्य प्रदर्शन में हाथों, दृष्टि और मन के समन्वय से रस-भाव भावनात्मक अभिव्यक्ति का सृजन होता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। विद्यार्थियों की ऊर्जा, भाव-भंगिमा एवं तालमेल सराहनीय रहा। यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा और विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन ने सभी को नृत्य के प्रति प्रेरित किया और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को और मजबूत बनाने में योगदान दिया।

**ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने तनाव प्रबंधन कला विषय पर चर्चा करते हुए बताया स्कूल हमारे शिक्षा के मंदिर**

**कार्नर न्यूज**

# मोबाइल की तरह ही आत्मा रूपी बैटरी को चार्ज करना जरूरी, इसके लिए करें राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शांति सरोवर रिट्रीट में स्कूल के शिक्षकों ने राजयोग मेडिटेशन का लाभ लिया। इसमें एन.एच. गोयल स्कूल के डायरेक्टर एस.के. तोमर, प्राचार्य डॉ. अविनाश पाण्डे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। इस कड़ी में ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, अदिति दीदी, रश्मि दीदी और स्मृति दीदी ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। सविता दीदी ने कहा कि स्कूल हमारे शिक्षा के मंदिर हैं, जहां शिक्षक बच्चों की प्रतिभा को शिल्पकार की तरह तराशने का काम करते हैं। इस प्रकार शिक्षक की भूमिका समाज और राष्ट्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। किसी ने ठीक ही कहा है कि देश का निर्माण संसद या विधानसभा में नहीं होता, बल्कि स्कूल की कक्षाओं में होता है। शिक्षक उस दीपक की तरह होते हैं, जो स्वयं जलकर दूसरों को मार्ग दिखाते हैं। स्कूल में प्रत्येक बच्चे का लक्ष्य होता है डॉक्टर, इंजीनियर बनना। उसी के अनुरूप वे पढ़ाई भी करते हैं।



### तनाव से बचने के लिए बताईं तीन बातें

ब्रह्माकुमारी स्मृति दीदी ने कहा कि राजयोग ऐसी साधना है, जो हमारी सोच को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। हमारे मन में दिनभर में कई प्रकार के विचार पैदा होते हैं। इन विचारों का हमारे शरीर पर बहुत ही सूक्ष्म और गहरा प्रभाव पड़ता है। ये विचार ही व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। हमारी सोच सदैव रचनात्मक होनी चाहिए। सिर्फ अपने लिए ही नहीं, बल्कि सभी की भलाई के लिए सोचें। उन्होंने तनाव से बचने के लिए तीन बातें बताईं। पहला हर परिस्थिति को स्वीकार करें, उससे विचलित न हों। दूसरा अपने काम से प्यार करें, उसको बोझ न समझें और तीसरा किसी से कोई अपेक्षा न रखें।

### शिक्षक स्वयं परमपिता परमात्मा के समान

उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान का लक्ष्य ही जीवन में दैवीगुणों को धारण करते हुए मनुष्य को देवतुल्य बनाना है। हमारा शिक्षक स्वयं परमपिता परमात्मा हैं। वही हमारे माता-पिता, शिक्षक और सद्गुरु हैं। उनके मार्गदर्शन में हमें जीवन को श्रेष्ठ बनाना है। इसके लिए ब्रह्माकुमारीज में राजयोग मेडिटेशन की शिक्षा प्रदान की जाती है। राजयोग मेडिटेशन बहुत ही सहज और सरल है। मेडिटेशन से हमें आन्तरिक शक्ति की पहचान मिलती है। मन और बुद्धि को परमात्मा में एकाग्र करने से उनकी शक्तियां जीवन में आने लगती हैं। जिस प्रकार बैटरी को रोजाना चार्ज करना पड़ता है, उसी प्रकार आत्मा की बैटरी को भी राजयोग से चार्ज करने की जरूरत है।



## हेल्थ टिप्स

### बच्चों की आदतें वक्त रहते सुधरवा लें, आपको भी मिलेगी राहत



पांच साल की उम्र तक भी यदि आपका बच्चा मुंह में उंगली लेता है, तो यह आदत छुड़ाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा बताए गए कुछ खास उपाय आजमाए जा सकते हैं। सबसे पहले यह समझने की कोशिश करें कि आपका बच्चा कब और क्यों अपनी उंगली मुंह में लेता है। इसके बाद, आप उनकी आदतों को सुधारने में सफल हो सकते हैं।

बच्चों के लिए मुंह में बार-बार अंगुली लेना या चूसना बहुत ही स्वाभाविक बात है। वैज्ञानिक मानते हैं कि इससे बच्चा खुद को सुरक्षित और शांत अनुभव करता है। हालांकि, यह आदत छोटे उम्र तक रहना ठिक है। यही अगर चार-पांच साल की उम्र तक बनी रहे, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। इससे बच्चों के दांतों का विकास अवरुद्ध होता है। इसलिए जरूरी है कि बच्चों की इस आदत को छुड़ाया जाए। इसके लिए आप कुछ खास टिप्स अपना सकते हैं। आइए गुरुग्राम के डैफोडिल्स बाय आर्टेमिस के प्रमुख बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव छाबड़ा से जानते हैं कि आखिर कैसे कोई पेरेंट्स अपने बच्चे की इस आदत को सुधार सकता है। बच्चों की अंगुली चूसने की आदत कैसे छुड़ाएं, यह जानना जरूरी है.

#### धैर्य रखना जरूरी

बच्चे की किसी भी आदत को बदलने या छुड़ाने के लिए आपका धैर्य रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। हर बात पर डांटना या सजा देना कोई विकल्प नहीं हो सकता है। डांटने से अक्सर बच्चे की आदत और ज्यादा बिगड़ने का खतरा रहता है। इसलिए बच्चे को धैर्य और शांति से समझाने का प्रयास करें।

#### विकल्प प्रदान करें

हम जानते हैं कि बच्चे खुद को अच्छा



अनुभव कराने के लिए अंगुली चूसते हैं। ऐसे में उन्हें गले लगाना और बहलाना अच्छा विकल्प हो सकता है, जिससे उनकी इस आदत को छुड़ाने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा बाजार में कुछ ऐसे खिलौने या पेसिफायर भी आते हैं, जिन्हें बच्चे दांतों में दबा सकते हैं और चूस सकते हैं। ऐसे विकल्प उनकी आदत छुड़ाने में कारगर हो सकते हैं।

#### बच्चों को व्यस्त रखना सीखें

अगर आप ध्यान दें, तो समझ सकते हैं कि बच्चे अक्सर खेलते या कुछ काम करते समय अंगुली नहीं चूसते हैं। इसलिए जहां तक हो सके, बच्चों को किसी काम में उलझाकर रखें। वक्त निकालकर उनके साथ खेलें और उन्हें कुछ पढ़ाने के बहाने भी व्यस्त रखें। इस उम्र के बच्चों को रंगों से खेलना अच्छा लगता है। इसलिए उन्हें कागज और कलरफुल स्केच पेन देकर व्यस्त रखा जा सकता है। उनके मनपसंद खिलौने भी उन्हें व्यस्त रखने का अच्छा तरीका हैं।

#### प्रोत्साहन और पुरस्कार का रास्ता

बच्चों को डांटने के बजाय प्रोत्साहन और पुरस्कार का रास्ता अपनाएं। अगर बच्चा आपके कहने से अंगुली न चूसे, तो उसे कोई पुरस्कार दें। आप अंगुली न चूसने के बदले में उसकी पसंद की डिश बनाने या उसकी पसंद का खेल खेलने जैसे प्रोत्साहन भी दे सकते हैं। इन सकारात्मक तरीकों से बच्चों की आदत छुड़ाने में मदद मिलती है।

#### डेंटिस्ट से परामर्श लें

अगर अंगुली चूसने के कारण बच्चों के दांतों पर दुष्प्रभाव पड़ने लगा हो तो डेंटिस्ट से परामर्श करें। स्थिति के हिसाब से डॉक्टर आपको सलाह दे सकता है। साथ ही वह बच्चे की आदत छुड़ाने के बारे में भी कुछ उपयुक्त परामर्श दे सकता है। अगर बच्चों को अपनी आदत का नुकसान दिखे, तो वे स्वयं भी उस आदत को छोड़ने की कोशिश करते हैं।



गर्मियों में सेहत का ख्याल रखें गंभीरता के साथ

# झुलसाने वाली गर्मी में बढ़ जाती है चक्कर आने और बेहोशी की दिक्कत, इस मुश्किल घड़ी में अपनाइए जरूरी उपाय

देशभर में तेजी से बढ़ती गर्मी और लू के शरीर पर कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि सभी लोगों को इन दिनों धूप और गर्मी से बचाव करते रहना चाहिए। जिन लोगों को पहले से ही किसी प्रकार की क्रोनिक बीमारी जैसे हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज या हृदय रोगों की समस्या रही है उन्हें इन दिनों में और भी सावधान हो जाना चाहिए। लू के कारण अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा हो सकता है।

गर्मी के दिनों में आपने भी बेहोशी और चक्कर आने जैसे मामलों के बारे में जरूर सुना और देखा होगा। पर क्या आप जानते है कि आखिर ऐसा होता क्यों है और गर्मी के कारण कोई बेहोश हो जाए तो तुंरत क्या उपाय किए जाने चाहिए जिससे उसे किसी गंभीर समस्या से बचाया जा सके?



मौसम में बाहर रहने वाले, फील्ड में काम करने वाले या गर्मी के मौसम में बाहर खेलने-व्यायाम करने वाले लोगों में ये दिक्कत अधिक देखी जाती रही है। यह दिक्कत तब भी हो सकती है जब आप किसी गर्म कार या इनडोर क्षेत्र में हों जहां का तापमान अधिक हो। यही कारण है कि गर्मियों में सेहत का ख्याल कैसे रखें, क्या करें-क्या नहीं? इस बारे में जानना जरूरी है।

#### हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली समस्या

हीट स्ट्रोक या गर्मी के कारण आने वाले चक्कर-बेहोशी की समस्या आमतौर पर तब होती है जब हमारे शरीर का तापमान कुछ प्रकार के बाहरी कारकों जैसे उच्च तापमान की प्रतिक्रिया में काफी बढ़ जाता है। अत्यधिक गर्मी के

#### क्यों होती है बेहोशी?



स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, गर्मी के दिनों में अधिक तापमान के संपर्क में आने के अलावा भी कुछ स्थितियां हैं जिनके कारण आपको चक्कर आने-थकान और बेहोशी की समस्या हो सकती है।

निर्जलीकरण यानी कि डिहाइड्रेशन इसका एक प्रमुख कारण है। शरीर से पसीने के रूप में पानी निकल जाने और उस अनुपात में पानी न पीने की स्थिति में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है जिसमें बेहोशी होना एक प्रमुख लक्षण है। इसके अलावा अचानक से ठंड से गर्म या गर्म से ठंडी जगहों में जाने से शरीर के तापमान में होने वाले बदलाव के कारण भी बेहोशी-चक्कर आने की दिक्कत हो सकती है।

#### गर्मियों में चक्कर आने से कैसे बचें?

डॉक्टर द्वारा दिए गए कुछ सुझावों का पालन करके गर्मियों में चक्कर आने-बेहोशी से बचा जा सकता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सुनिश्चित करें। पानी से भरपूर फलों-सब्जियों का भी सेवन जरूर करें। अत्यधिक चाय या कॉफी पीने से बचें। इनसे निर्जलीकरण का खतरा हो सकता है। ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) लेते रहें। शरीर के तरल पदार्थों को जल्दी से पूरा करने में इससे मदद मिल सकती है। गर्मियों में नारियल पानी और नींबू पानी जैसे पेय का सेवन जरूर करते रहें। जितना संभव हो सके सूरज के संपर्क में आने से बचें, खासकर दोपहर के दौरान। सूती, ढीले-ढाले और हल्के कपड़े पहनें।

#### बेहोशी होने पर क्या करें?

डॉक्टर बताते हैं, गर्मी के दिनों में बेहोशी-चक्कर आने का प्रमुख कारण शरीर की तापमान बहुत अधिक बढ़ जाना होता है। यदि कोई बेहोश हो जाए तो सबसे पहले शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक उपाय करें। डिहाइड्रेशन के खतरे को कम करने के लिए तरल पदार्थ-पानी पिलाएं। इन उपायों से भी राहत न मिले तो तुरंत किसी डॉक्टर की मदद लें। समय पर उपचार न मिलने की स्थिति में लक्षणों को बिगड़ने और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा और अधिक हो सकता है।

## आंखों में जलन के साथ आ रहा पानी तो ऐसे पा सकते हैं निजात

आजकल गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बढ़े हुए तापमान के बीच, लोगों को कई तरह की परेशानियां हो रही हैं। तेज गर्मी में चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना, बेहोशी आना और बीपी लो होना जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। हीट वेब के बीच, अपना खास ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। गर्मी के कारण, आंखों में भी परेशानी महसूस हो सकती है।

#### गर्मियों में आंखों से आने वाले पानी और जलन को दूर करने के लिए अपनाएं ये तरीके

गर्मी के मौसम में बाहर जाते समय और बाहर से आने के कुछ देर बाद, आंखों को साफ पानी से जरूर धोएं। इसके अलावा, बाहर जाते वक्त सनग्लासेस जरूर पहनें। आंखों में नमी और ठंडक को बनाए रखने के लिए, बीच-बीच में गुलाब जल जरूर डालें। गर्मियों में आंखों में जलन न हो, इसके लिए,शरीर को हाइड्रेट रखना भी जरूरी है। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। साथ ही, नारियल पानी और छाछ जैसे ठंडे ड्रिंक्स को भी डाइट में शामिल करें। आंखों में जलन या खुजली महसूस हो रही हो या फिर अगर आपकी आंखों में गर्माहट हो, तो इसे दूर करने के लिए एक मुलायम कपड़े में आइस क्यूब्स लेकर इसे बंद आंखों के ऊपर और आस-पास के हिस्से में लगाएं। अपने चेहरे और आंखों को बार-बार हाथों से न छुएं। इससे भी आंखों में जलन हो सकती है। गर्मियों में आंखों की जलन को कम करने के लिए, कच्चे खीरे के टुकड़ों को काटकर, कुछ देर के लिए आंखों पर रखें।

इसमें हाइड्रेटिंग और ठंडक देने वाले गुण पाए जाते हैं। अगर आंखों से पानी आ रहा है, तो आंखों को कपड़े से साफ न करें। इससे वेट टिश्यू से साफ करें। कपड़े से बार-बार आंखे पोंछने से आंखों मेंसूजन भी आ सकती है। तेज धूप में जाने से बचें। खासकर, दोपहर में 12-3 बजे के बीच, तेज धूप में न निकलने की कोशिश करें।

# एलिट ग्रुप में बीसीए और रायपुर की जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को पहले राउंड के चौथे दिन का मैच हुआ। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) विरुद्ध प्लेट कंबाइंड में परिणाम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन ने 138 रन से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किया। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीम पहली पारी में 170 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड पहली पारी में 92 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन दूसरी पारी में 190 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड दूसरी पारी में 129 रन पर आउट हुई। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम रायपुर विरुद्ध दुर्ग में परिणाम रायपुर ने चार विकेट से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किया। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम पहली पारी में 151 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी में नौ विकेट पर 299 रन बनाकर पारी घोषित की। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम दूसरी पारी में 241 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 94 रन बनाए।

# वेस्ट जोन प्रथम और सेंट्रल जोन द्वितीय

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 महिला एकदिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत बुधवार को अंतिम लीग मैच के मुकाबले हुए। कल्याण कॉलेज ग्राउंड सेक्टर-7 में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन परिणाम वेस्ट जोन ने तीन विकेट से जीता।

बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 5 विकेट पर 183 रन बनाए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 7 विकेट पर 184 रन बनाए। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में टीम साउथ जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन में परिणाम साउथ जोन ने 9 विकेट से जीता। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन ने 9 विकेट पर 181 रन बनाए। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने एक विकेट पर 183 रन बनाए। इस प्रकार लीग पद्धति के आधार पर खेले गए इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थान पर वेस्ट जोन, दूसरे स्थान पर सेंट्रल जोन, तीसरे स्थान पर साउथ जोन, चौथे स्थान पर ईस्ट जोन और पांचवें स्थान पर नॉर्थ जोन रही।













# तीन माह के चावल वितरण में रायपुर 8वें नंबर पर, एपीएल चावल का टोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

तीन माह के चावल वितरण में रायपुर जिला प्रदेश में आठवें नंबर पर पहुंच गया है। खाद्य विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में तीन माह का चावल लगभग 90 प्रतिशत हितग्राहियों को वितरण हो गया है। हालांकि प्रतिमाह मिलने वाला एपीएल कोटे का चावल का अभी भी राशन दुकानों में टोटा बना हुआ है, जिसके कारण एपीएल हितग्राहियों को दुकानों से बैरंग लौटना पड़ रहा है। इधर अप्रैल, मई एवं जून तीन माह के साथ मार्च में छूटे हुए हितग्राहियों को भी चावल वितरण किया जा रहा है। इसके लिए साफ्टवेयर में ऑप्शन 21 तारीख से खुल चुका है। हालांकि ऑप्शन खुलने के बाद भी बड़ी संख्या में एपीएल हितग्राहियों को स्टॉक नहीं होने के कारण चावल मिल नहीं पा रहा है।

## वितरण का प्रतिशत भी अब लगभग 90 अंक तक पहुंच गया

### एपीएल चावल के भंडारण में अभी भी विलंब

एपीएल कोटे का चावल भंडारण करने में अभी भी देरी की जा रही है। इसके कारण जिले के कई दुकानों में एपीएल का चावल ही नहीं है। इस कारण से हितग्राहियों को वापस लौटना पड़ रहा है। मार्च महीने का चावल वितरण का आज अंतिम दिन है। एक मई से इसका ऑप्शन भी बंद हो जाएगा, क्योंकि इसे छूटे हितग्राहियों के लिए मात्र 10 दिनों के लिए ही खोला गया था, लेकिन भंडारण व्यवस्था सही नहीं होने के कारण अभी भी सैकड़ों की संख्या में हितग्राही मार्च महीने का चावल उठा नहीं पाए हैं। इसके अलावा अप्रैल महीने का चावल भी हजारों हितग्राही उठा नहीं पाए हैं। इस तरह इस माह भी हजारों एपीएल हितग्राही चावल से वंचित हो जाएंगे।

### वितरण भी अच्छा हो रहा



तीन माह का चावल वितरण करने से हर कोई परेशान है। महीने के पहले पखवाड़ा में दुकानों में चावल का स्टॉक ठीक से नहीं पहुंच पा रहा था, जिसके कारण हितग्राहियों और दुकानदारों के बीच विवाद की स्थिति बन रही थी, लेकिन अब दुकानों में तीन माह का चावल पहुंच रहा है, जिससे वितरण भी अच्छा हो रहा है। - **नरेश बाफना**, *अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ*

### भंडारण में तेजी आई

तीन माह के चावल भंडारण में तेजी आई है, जिससे लगभग 90 प्रतिशत वितरण हो गया है। चावल वितरण की तारीख 15 दिन बढ़ाई गई है, इसलिए छूटे हितग्राहियों को चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

- **भूपेंद्र मिश्रा**
*खाद्य नियंत्रक रायपुर*

### *दुकानों में स्टॉक पहुंचने से तीन माह का चावल वितरण में आई तेजी*

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में राशन दुकानों में तीन महीने के अनुसार चावल का स्टॉक नहीं पहुंचने के कारण वितरण का काम भी काफी धीमा था, लेकिन पिछले दो सप्ताह में दुकानों में स्टॉक पहुंचने से वितरण के कार्य में तेजी आई है। खासकर रायपुर जिले में तीन महीने का चावल वितरण में काफी तेजी आई है। नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के गोदामों से अब दुकानों में एपीएल को छोड़कर बीपीएल सहित अन्य वर्ग वाले राशन कार्ड धारकों को अब तीन माह का चावल मिल पा रहा है, जिससे वितरण का प्रतिशत भी अब लगभग 90 अंक तक पहुंच गया है।

---

## जल संकट प्रभावित इलाकों में किराए के पानी टैंकर का हाल, शिकायत के बाद जागा निगम प्रशासन

# ठेका 10 ट्रिप पानी सप्लाई का, दे रहे 5 से 7 ट्रिप, अब 51 पानी टैंकरों में जीपीएस सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ 6 ठेकेदारों के साथ जल विभाग ने किराए के पानी टैंकर चलाने किया अनुबंध

नगर निगम के जल विभाग ने पानी की किल्लत दूर करने जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में किराए के पानी टैंकर चलाने 6 ठेकेदारों के साथ अनुबंध किया है। शर्त के मुताबिक प्रति टैंकर दिन में 10 ट्रिप पानी सप्लाई का है, पर प्रभावित इलाकों में 5 से 7 ट्रिप ही पानी की आपूर्ति की जा रही है। पार्षदों की शिकायत के बाद नगर निगम प्रशासन हरकत में आया है। निगम आयुक्त विश्वदीप ने किराए के सभी 51 पानी टैंकरों में अब जीपीएस सिस्टम लगाकर निगरानी करने के निर्देश सभी जोन कमिश्नरी को दिए हैं। इससे यह पता चल सकेगा कि कौन सा पानी टैंकर किन इलाकों में कितने ट्रिप पानी ले जा रहा है।

दरअसल, जलसंकट से जूझ रहे रायपुर शहर में अब टैंकर से भी पर्याप्त पानी नहीं मिलने की शिकायतें आ रही हैं। वर्तमान में शहर के जल संकट प्रभावित इलाकों में 71 पानी टैंकरों से पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है। इनमें से शहर में किराए के 51 पानी टैंकर और 19 नगर निगम के विभागीय टैंकर शामिल हैं। नागरिकों को पेयजल की समस्या से राहत दिलाने नगर निगम ने किराए के पानी टैंकर तो शुरू कर दिए हैं, लेकिन इससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। पार्षदों ने शिकायत की है कि एक टैंकर से 10 ट्रिप सप्लाई के बजाय सिर्फ 5 से 7 ट्रिप पानी दिया जा रहा है। निगम ने टैंकर ठेका के अनुबंध में प्रति टैंकर 10 ट्रिप पानी सप्लाई की शर्त रखी है।




### किराए के सभी पानी टैंकरों की करेंगे ट्रैकिंग

आयुक्त के आदेश पर जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में चलाई जा रही सभी 51 गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है, ठेका की शर्तो में यह प्रावधान नहीं रखा गया था, इसलिए नगर निगम यह सिस्टम सभी पानी टैंकरों की ट्रैकिंग करने यह व्यवस्था दे रहा है। इससे यह पता चल सकेगा कि कितनी पर्ची कटी और कितने फेरे पानी टैंकर ने लगाए। - **रंजीत रंजन**, *आईटी हेड, नगर निगम रायपुर*

### अनुबंध में जीपीएस सिस्टम लगाने का प्रावधान नहीं

सूत्रों के मुताबिक किराए के पानी टैंकर के ठेका संबंधी अनुबंध में अनुबंधित ठेकेदार को पानी टैंकर में जीपीएस सिस्टम लगाने का प्रावधान नहीं किया गया है, इसलिए नगर निगम अपने स्तर पर किराए के सभी 51 पानी टैंकर में प्रथम चरण में जीपीएस सिस्टम लगवा रहा है। ये वही जीपीएस सिस्टम है, जिसे पंद्रहवें वित्त आयोग मद से प्राप्त राशि से सालिड वेस्ट मैनेजमेंट की गाड़ियों में लगाने के लिए क्रय किए गए हैं। उन्हीं में से 50 जीपीएस का उपयोग नहीं हो पाया है, जिसका उपयोग किराए के पानी टैंकरों की निगरानी व्यवस्था बनाए रखने किया जा रहा है।



### जोन 9 के वार्डों में 20 टैंकर रोज लगा रहे 200 फेरे

नगर निगम जोन के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, महर्षि वाल्मिकी वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, मोतीलाल नेहरू वार्ड, कुशाभाउ ठाकरे वार्ड में पानी की भारी समस्या बनी हुई है। रहवासी इलाकों के बोरवेल सूखने से लोग पानी टैंकर पर आश्रित हैं। जोन 3 के नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह इलाका सहित अन्य रहवासी कालोनी में बोरवेल सूखने से जल संकट गहराया है। जोन 9 के कमिश्नर राकेश शर्मा ने हरिभूमि को बताया कि वर्तमान में 20 किराए के पानी टैंकर जल संकट प्रभावित इलाकों में भेजे जा रहे हैं। वहीं जोन 5, जोन 3 और जोन 6 के जलसंकट प्रभावित इलाकों में भी किराए के पानी टैंकर से आपूर्ति हो रही है।

### जोन 4 कमिश्नरी से शुरुआत जोन 5 में भी लग रहा सिस्टम

नगर निगम के जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि नगर निगम जोन 4 के जल संकट प्रभावित इलाकों में चलने वाले 2 किराये के पानी टैंकर में मंगलवार को जीपीएस सिस्टम लगाने की शुरुआत की गई है। बुधवार को जोन 5 कमिश्नरी में किराए के पानी टैंकर में जीपीएस सिस्टम लगेगा, इसके बाद नगर निगम जोन 9 जहां सबसे अधिक 20 किराए के पानी टैंकर चलाए जा रहे हैं, वहां के पानी टैंकर में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा। आयुक्त के आदेश के अनुसार सभी जोन कमिश्नरी से टैंकर गाड़ी नंबर, चेसिस नंबर के साथ ही उसके चालक का नाम और मोबाइल नंबर लेकर जीपीएस लगाने का काम शुरू किया गया है।

---

# सभी निकायों की अचल संपत्तियों का अब भौतिक सत्यापन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ निकायों को सभी संपत्तियों का रजिस्टर अभिलेख संधारित करने के भी निर्देश

नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को उनके द्वारा निर्मित और संधारित सभी अचल संपत्तियों जैसे भूमि, भवन, दुकान, गार्डन आदि के प्रभावी प्रबंधन एवं संरक्षण के लिए इन परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करने कहा है ।

संचालक नगरीय प्रशासन ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के सीएमओ को पत्र भेजकर कहा है कि उनके निकायों में उपलब्ध सभी अचल संपत्तियों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन वे सुनिश्चित करें। पत्र में कहा गया है निगमों, पालिकाओं और नगर पंचायतों के पास जो भी परिसंपत्ति उसका अद्यतन रजिस्टर अभिलेख संधारित किया जाए । प्रत्येक परिसंत्ति का स्थल पर जाकर सत्यापन करते हुए स्थान, क्षेत्रफल, वर्तमान उपयोग की स्थिति का सत्यापित विवरण तैयार करें।




### सभी परिसंपत्तियों की फोटो अनिवार्य

निकाय अधिकारियों से कहा गया है कि वे सत्यापन के दौरान प्रत्येक परिसंपत्ति की फोटो लें साथ ही लोकेशन भी रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। अतिक्रमण या कब्जे की स्थिति में अलग से सूची तैयार कर नियमानुसार कार्रवाई करें।

### डिजिटल डेटाबेस भी करें तैयार

निकाय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि सत्यापन के बाद सभी परिसंपत्तियों का डिजिटल डेटाबेस और एसेट रजिस्टर भी तैयार करें। संकलित जानकारी को 15 दिनों के भीतर विभाग के पोर्टल में अपलोड कर संचालनालय को इसकी सूचना देने कहा गया है।

# महंत ने कहा- कांग्रेस की महिला विधायक विशेष सत्र में संभालेंगी मोर्चा

## विधायक दल की बैठक के बाद बोले बैज- कल का दिन बीजेपी के लिए बुरा रहेगा, कांग्रेस ने कर ली तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस के नेताओं ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक में यह तय किया कि कांग्रेस की 11 महिला विधायक विधानसभा के विशेष सत्र में मोर्चा संभालेंगी। वे सत्ता पक्ष को आक्रामक तरीके से जवाब देंगी। भाजपा सरकार कैसे महिला विरोधी है, यह सदन में बताएंगी। कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि विशेष सत्र हमारी निंदा करने बुलाया गया है, ऐसा सीएम का कहना है। लोकसभा में हुई कार्रवाई पर निंदा का प्रस्ताव लाया जा रहा है। देश की पहली विधानसभा होगी, जहां ऐसा प्रस्ताव लाया जा रहा है। उन्होंने कहा, सत्र में मोर्चा संभालने के लिए हमारी महिला विधायक पूरी तरह तैयार हैं।

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के आरक्षण और परिसीमन के विषय पर बुलाए गए विशेष सत्र को लेकर चर्चा की गई। कांग्रेस विधायकों ने यह तय किया कि पार्टी पूरी तैयारी से सदन में उपस्थित होगी। खासकर कांग्रेस की महिला विधायक भाजपा सरकार कैसे महिला विरोधी है, इसको बताएंगी। पार्टी ने यह तय किया है कि सभी 11 महिला विधायक मुख्यमंत्री के शासकीय संकल्प पर सत्ता पक्ष को जवाब देंगी। पार्टी ने यह तय किया कि विपक्ष के खिलाफ दिए गए बयानों को लेकर पूरी तैयारी के साथ महिला विधायक जाएंगी। पूरे मामले में सदन में कल जमकर सियासत देखने को मिलेगी। कांग्रेस की ओर से पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया सबसे पहले वक्तव्य दे सकती हैं।




### विशेष सत्र में सरकार को ईंट का जवाब पत्थर से देंगे : बैज

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, विधायक दल की बैठक में विशेष सत्र पर चर्चा हुई। कांग्रेस की महिला विधायक पूरी तरह तैयार हैं। हम सरकार के हर सवाल का जवाब देंगे। कांग्रेस कल सरकार को बेनकाब करेगी। सरकार को ईंट का जवाब पत्थर से देंगे। हमारी रणनीति बन चुकी है। कल का दिन बीजेपी के लिए बुरा रहेगा, कांग्रेस ने तैयारी कर ली है।

### कांग्रेस विधायक दल की बैठक में ये थे मौजूद

विधायक दल की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, उपनेता लखेश्वर बघेल, सचेतक दलेष्वर साहू, उपसचेतक दिलीप लहरिया, विधायक अनिला भेड़िया, भोलाराम साहू लालजीत सिंह राठिया, इंद्रशाह मंडावी, सावित्री मंडावी, यशोदा निलाम्बर वर्मा, संगीता सिन्हा, द्वारिकाधीष यादव, रामकुमार यादव, उत्तरी गणपत जांगड़े, शेषराज हरबंश, बालेश्वर साहू, राघवेन्द्र सिंह, चातुरी नंद, फूलसिंह राठिया, कविता प्राणलहरे, संदीप साहू, जनक ध्रुव, ओंकार साहू, हर्षिता स्वामी बघेल, पीसीसी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, पीसीसी संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आंनद शुक्ला, विधायक दल सचिव अमित पांडे, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी उपस्थित थे।

---

# भारत माला मुआवजा घोटाला में अब एक-एक खसरा नंबर भूमि की होगी जांच, संभाग कमिश्नर ने बनाई दो टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

भारत माला परियोजना मुआवजा घोटाला में तत्कालीन एसडीओ निर्भय साहू के खिलाफ ईओडब्ल्यूडी द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के बाद ईडी की एंट्री से इस घोटाले की जांच में और तेजी आ गई है। ईडी ने इस मामले में दो दिन पहले ही प्रदेश के पूर्व मंत्री व कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के चचेरे भाई भूपेंद्र चंद्राकर, राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर, गोपाल गांधी के ठिकानों पर छापेमारी की, वहीं दूसरी ओर अब इस मामले में शासन ने भी एक-एक खसरा भूमि की बारीकी से जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत रायपुर संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने इस परियोजना के तहत अधिग्रहित की गई सभी खसरा नंबर भूमि की जांच के लिए रायपुर और धमतरी जिले के लिए अलग-अलग दो टीम गठित की है। बताया गया कि दोनों टीम ने जांच भी शुरू कर दी है।

***दावा-आपत्तियों की जांच पहले हो चुकी*** : रायपुर और धमतरी जिले की भारतमाला परियोजना में मुआवजा घोटाले पर संभाग कमिश्नर ने इससे पहले भी शासन के निर्देश पर दावा-आपत्तियों की जांच के लिए 4 समितियां गठित की थीं। इन सभी समितियों के पास रायपुर और धमतरी जिले मिलाकर 40 ग्रामों से दावा-आपत्तियां आई थीं। इनमें ज्यादातर किसानों ने अधिग्रहित जमीन के एवज में मुआवजा कम मिला है, इसके लिए दावा-आपत्ति लगाई थी।

### जांच के लिए दो टीम गठित की

भारत माला परियोजना के तहत अधिग्रहित की गई एक-एक खसरा नंबर की भूमि की जांच के लिए दो टीम गठित की है। ये टीम रायपुर और धमतरी जिले में अधिग्रहित की गई प्रत्येक खसरा नंबर भूमि की बारीकी से जांच करेगी। जांच के बाद रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी। - **महादेव कावरे**, *संभागायुक्त रायपुर*

### बारीकी से होगी जांच

सूत्रों से पता चला है कि संभाग कमिश्नर द्वारा गठित की गई टीम प्रत्येक खसरा नंबर भूमि की जांच बारीकी से करेगी। अधिग्रहण से पहले खसरा नंबर भूमि का रकबा कितना था, कितने के नाम पर दर्ज थी। जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि किसान की कितनी भूमि अधिग्रहित हुई तथा कितना मुआवजा उन्हें मिलना था एवं कितना मिला है। सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान किसानों के बैंक खातों में पहुंची मुआवजा राशि में से कितनी राशि ट्रांसफर और नकद निकाली गई। इस राशि को कहां-कहां खर्च या किन लोगों को दी गई, इस संबंध में भी किसानों से जानकारी मांगी जा सकती है।

***इन बिंदुओं पर हुई थी पहले जांच*** : पूर्व में चार समितियों ने जो दावा-आपत्तियों की जांच की थी, उसके लिए बिंदु तय हुए थे, जिनमें आपत्तिकर्ता किसानों के बयान, संबंधित क्षेत्र के पटवारी का बयान, स्पॉट मुआयना, अधिग्रहित भूमि संबंधी दस्तावेजों की जांच आदि शामिल थे।

# शिक्षा मंत्री बोले- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता विभाग के नवाचारों से बोर्ड परिणाम में सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ जिलेवार व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सीधे संवाद, सतत मॉनिटरिंग और त्वरित समस्या समाधान की व्यवस्था

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा, राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यार्थियों को बेहतर अवसर, मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण प्रदान कर हम उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। विभाग द्वारा किए गए समन्वित एवं नवाचारपूर्ण प्रयासों से बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार हुआ है, जो हम सभी के लिए संतोष एवं गर्व का विषय है। राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे निरंतर एवं योजनाबद्ध प्रयासों के फलस्वरूप कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया है। विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को सुदृढ़ करने के लिए विभाग द्वारा विभिन्न नवाचार आधारित पहलें की गईं, जिनका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करते हुए राज्य ने देशभर में अग्रणी स्थान प्राप्त किया।



### पीटीएम से अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता

पालक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) के माध्यम से अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई, जिसमें विद्यार्थियों की पढ़ाई, अनुशासन एवं परीक्षा तैयारी पर विशेष ध्यान दिया गया। शिक्षकों को प्रश्नपत्र के ब्लू प्रिंट का विषयवार प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न से परिचित कराया गया। पहली बार ब्लू प्रिंट आधारित प्री-बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन कर विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव दिया गया। इन परीक्षाओं के परिणामों के विश्लेषण के आधार पर कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए विशेष उपचारात्मक कक्षाएं संचालित की गईं।

### उत्कृष्ट परिणाम देने वाले प्राचार्य एवं शिक्षक होंगे सम्मानित

उत्कृष्ट परिणाम देने वाले प्राचार्यों एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय पर्वों 15 अगस्त एवं 26 जनवरी पर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए समय-समय पर मोटिवेशनल वर्कशॉप एवं काउंसलिंग सत्र आयोजित किए गए, जिससे परीक्षा के भय एवं मानसिक दबाव को कम किया गया। राज्य स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों को जिलों का प्रभार सौंपकर विशेष समीक्षा एवं कार्ययोजनाएं तैयार कराई गईं। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर संयुक्त प्रयास किए गए।